दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

अपने आप टूट रहे हैं नाखून तो .....

राष्ट्रीय पर्व पर पहने आप.....

वर्ष : 10 | अंक : 45 | लखनऊ, 23 जनवरी, मंगलवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 17.c

न्यूनतम तापमान 8.c

बाजार

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 71,657.71

निफ्टी 21,618.70

संक्षिप्त समाचार

कोविंद समिति को लगभग 21,000 सुझाव मिले, 81 प्रतिशत ने विचार पर सहमति जताई

नई दिल्ली, एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति को जनता से 21,000 सुझाव मिले हैं, जिनमें से 81 प्रतिशत लोगों ने देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के विचार पर सहमति जताई है। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। बयान में बताया गया कि 46 राजनीतिक दलों से भी सुझाव मांगे गए थे। इसमें कहा गया, अब तक 17 राजनीतिक दलों के सुझाव मिले हैं। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी दलों ने एक साथ चुनाव कराने के विचार का विरोध किया है। पिछले साल सितंबर में गठित कोविंद के नेतृत्व वाली समिति ने रविवार को अपनी तीसरी बैठक की। समिति ने अपनी बैठक के बाद कहा, कुल 20,972 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 81 प्रतिशत लोगों ने एक साथ चुनाव के विचार पर सहमति जताई। बयान में कहा गया कि समिति की अगली बैठक 27 जनवरी को होगी।

मुख्यमंत्री शिंदे ने जरांगे से मुंबई मार्च न करने की अपील की

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे से मुंबई की ओर न बढ़ने की अपील की और इस बात पर जोर दिया कि मुद्दे पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग काम कर रहा है। जरांगे शनिवार को जालना जिले में अपने गांव अंतरवाली सराटी से निकले थे। उन्होंने घोषणा की है कि वह लाखों समर्थकों के साथ मुंबई पहुंचेंगे और मांगें पूरी होने तक अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे। जरांगे की मांग है कि राज्य में मराठा समुदाय के लोगों को कुनबी प्रमाणपत्र दिया जाए, ताकि समुदाय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण का लाभ उठा सकें। शिंदे ने यहां पत्रकारों से कहा, राज्य सरकार ने महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को अपने काम में तेजी लाने और राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

खत्म हुआ 500 वर्षों का इंतजार

ठाठ से भव्य मंदिर में विराजमान हुए भगवान श्री राम

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, जिस क्षण का इस देश ने लगभग 500 वर्षों का इंतजार किया था, आखिर वह दिन आ ही गया। रामलला टाट से निकलकर ठाठ पर महल में विराजमान हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्य यजमान के रूप में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम किया। इस दौरान उनके ठीक बगल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे। रामलला प्राण प्रतिष्ठा साधु संतों और देश के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में हुई। रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए फिल्मी जगत, व्यापार जगत, खेल जगत और राजनीति के क्षेत्र के दिग्गज पधारे थे। यह 500 वर्षों का तपस्या है जो आज पूरा हुआ है। प्रभु राम ठाठ से विराजमान हुए हैं।

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर के ऊपर हेलीकॉप्टरों से पुष्पों की वारिस की गई। इस दौरान देश के सबसे बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कहा कि आज भगवान राम आए हैं। 22 जनवरी को पूरे देश में राम दीपावली है। इस दौरान प्रसिद्ध गायक सोनू निगम, अनुराधा पौडवाल, शंकर महादेवन ने अयोध्या में राम भजन प्रस्तुत किया। राम मंदिर को भव्य तरीके से फूलों से सजाया गया था।आमंत्रित लोगों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत, अनुपम खेर, कैलाश खेर, जुबिन नौटियाल, प्रसून जोशी, मनोज जोशी, सचिन तेंदुलकर, अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन, रविशंकर प्रसाद और अनिल अंबानी शामिल हैं।विशिष्टहस्तियों में हेमा मालिनी, कंगना रनौत, श्री श्री रविशंकर, मोरारी बापू, रजनीकांत, पवन कल्याण, मधुर भंडारकर, सुभाष घई, शेफाली शाह और सोनू निगम रविवार को ही अयोध्या पहुंच गए थे। कार्यक्रम के लिए आमंत्रित लोगों की सूची में सात हजार से अधिक लोग शामिल हैं।

अयोध्या में सुबह से ही सड़कों पर राम धुन बज रही है। भगवान राम के बाल स्वरूप रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में देश के प्रमुख आध्यात्मिक और धार्मिक संप्रदायों के प्रतिनिधियों और विभिन्न आदिवासी समुदायों एवं प्रमुख लोगों सहित सभी क्षेत्रों के लोग शामिल होंगे। अभिषेक समारोह के लिए अयोध्या में बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। इसके तहत 10,000 सीसीटीवी कैमरे और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस ड्रोन लोगों की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर सादे कपड़ों में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। मंदिर शहर के हर प्रमुख चौराहे पर कंटीले तारों से जुड़े जंगम अवरोधक लगाये गये हैं। रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु हमलों और भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने के लिए प्रशिक्षित कई एनडीआरएफ टीमों को भी तैनात किया गया है।

भागवत ने समझाई भारत को विश्व गुरु बनाने की राम नीति

सभी विवादों को छोड़कर एकजुट रहना होगा

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि राम राज्य आ रहा है और देश में सभी को विवादों से दूर रहना चाहिए और एकजुट रहना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी सोमवार, 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में राम लला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आई। उन्होंने अयोध्या में राम लला की मूर्ति के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के बाद कहा कि राम राज्य आ रहा है और हमें सभी विवादों को दूर करना होगा और छोटे-छोटे मुद्दों पर आपस में लड़ना बंद करना होगा। हमें अहंकार छोड़ना होगा और एकजुट रहना होगा।

भागवत ने यह भी कहा कि रामलला 500 साल बाद घर लौटे हैं और भारत का आत्म-गौरव भी लौटा है। उन्होंने कहा कि लेकिन वह (राम) क्यों चले गए? वह इसलिए चले गए

क्योंकि अयोध्या में विवाद थे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई लोगों की 'तपस्या' के बाद राम लला की घर वापसी हुई। प्रधानमंत्री ने अकेले ही 'तप' किया था और अब, हम सभी को वह करना होगा। भागवत ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्रतिष्ठा के साथ ही भारत का आत्मगौरव लौट आया है। और आज का कार्यक्रम एक नए भारत का प्रतीक बन गया है जो खड़ा होगा और पूरी दुनिया को मदद प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि यह जानते हुए कि हर जगह राम हैं, हमें आपस में समन्वय बनाना होगा। साथ रहना ही धर्म का पहला सच्चा आचरण है। भागवत ने कहा कि करुणा दूसरा कदम है, उन्होंने लोगों से कहा कि वे जो कमाते हैं उसमें से कम से कम अपने लिए रखें और शेष दान में दें। उन्होंने कहा कि यह करुणा का अर्थ है। आपको अपनी इच्छाओं को नियंत्रण में रखना चाहिए। जहां सरकारी योजनाएं गरीबों को राहत दे रही हैं, वहीं हमें समाज को भी बांधना चाहिए क्योंकि सभी हमारे भाई हैं। जहां भी आपको दुख और दर्द दिखे, वहां सेवा करें। अयोध्या मंदिर में राम लला की मूर्ति की प्रतिष्ठा का नेतृत्व प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किया और लाखों लोगों ने अपने घरों और देश भर के मंदिरों में टेलीविजन पर इसे देखा।

जो रीति-नीति-मयार्दा का मान करता है, उसके हृदय में बसते हैं सियाराम : अखिलेश यादव

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के नूतन विग्रह के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि सियाराम उस पावन हृदय में बसते हैं, जो रीति-नीति-मयार्दा का मान करता है। सपा प्रमुख यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा, उस पावन हृदय में बसते हैं सियाराम, जो करता रीति-नीति-मयार्दा का मान। इसी पोस्?ट में यादव ने एक वीडियो भी साझा किया जिसमें जय श्री राम के नारों से गूंजती प्रभु की झांकी है। अखिलेश यादव ने 13 जनवरी को सोशल मीडिया मंच एक्स पर चंपत राय को लिखे एक पत्र को साझा करते हुए कहा था कि वह अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद सपरिवार दर्शनार्थी बनकर अवश्य जाएंगे। सपा प्रमुख यादव ने पत्र की शुरूआत में आदरणीय श्री चंपत राय जी, महासचिव, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या संबोधन के साथ लिखा, श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के स्नेह निमंत्रण के लिए धन्यवाद एवं समारोह के सकुशल संपन्न होने की हार्दिक शुभकामनाएं। इस पत्र में सपा प्रमुख ने कहा था, हम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पश्चात सपरिवार दर्शनार्थी बनकर अवश्य आएंगे।

मंदिर वहीं बनाया है, 500 सालों का संघर्ष पूरा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

'राम राज्य की हुई शुरूआत'

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में राम लला की मूर्ति की 'प्राण प्रतिष्ठा' पूरी करने के बाद, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मंदिर वहीं बनाया गया है, जहां हमने इसे बनाने का संकल्प लिया था। राम मंदिर परिसर के अंदर सभा को संबोधित करते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि यह एक भावनात्मक क्षण था क्योंकि राम लला आखिरकार अपने सिंहासन पर लौट आए हैं। उन्होंने कहा कि अब अयोध्या की सड़कें गोलियों की आवाज से नहीं गूंजेंगी। कोई कर्फ्यू नहीं होगा। अब यहां दीपोत्सव और रामोत्सव होगा। गलियों में गूंजेगा श्रीराम नाम संकीर्तन, क्योंकि यहां रामलला की स्थापना है रामराज्य का उद्घोष है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रभु राम लला के भव्य, दिव्य और नव्य धाम में विराजने की आप सभी को कोटि-कोटि बधाई... मन भावुक है... निश्चित रूप से आप सब भी ऐसा महसूस कर रहे होंगे... आज इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत का हर नगर, हर ग्राम अयोध्या धाम है... हर मन में राम नाम है। हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगी है। हर जुबान राम नाम जप रही है। रोम-रोम में राम रमे हैं...ऐसा लगता है कि हम त्रेतायुग में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि श्री राम जन्मभूमि संभवतः विश्व में पहला ऐसा अनूठा प्रकरण होगा जिसमें किसी राष्ट्र के बहुसंख्यक समाज ने अपने ही राष्ट्र में, अपने आराध्य की जन्मस्थली पर मंदिर निर्माण के लिए इतने वर्षों और इतने स्तरों पर लड़ाई लड़ी हो... आज आत्मा प्रभुल्लित है इस बात से कि मंदिर वहीं बना है जहां बनाने का संकल्प लिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा, यह हम सभी के लिए एक भावनात्मक क्षण है और यह 500 साल के इंतजार के बाद आया है। आदित्यनाथ ने कहा, पूरा देश राममय हो गया है (भगवान राम की भक्ति में डूबा हुआ)। ऐसा लगता है कि हम 'त्रेता युग' में आ गए हैं। योगी आदित्यनाथ ने नरेंद्र मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताया। अक्टूबर 1990 में अयोध्या में दो अलग-अलग गोलीबारी में 17 लोग मारे गए थे। उन्होंने उस घटना को याद करते हुए कहा कि मंदिर के लिए कितने लोगों ने अपनी जान कुर्बान कर दी।

राम हमारे नहीं सबके हैं, प्राण प्रतिष्ठा के बाद बोले पीएम मोदी

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, राम मंदिर में प्रभू श्रीराम बाल स्वरूप में मनमोहक छवि के साथ विराजमान हो गए है। अयोध्या में भावविभोर करने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामलला की बालस्वरूप मूर्ति के दर्शन हुए है। सदियों के इंतजार के बाद ये क्षण आया है जब रामलला अपने भव्य महल में विराजमान हो सके है। रामलला अब टेंट में नहीं बल्कि दिव्य मंदिर में विराजमान हुए है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद सियावर रामचंद्र की जय और जय श्री राम के जयकारे लगाए गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 22 जनवरी 2024 का सूरज अद्भुत आभा के साथ उदय हुआ है। ये नए काल चक्र का द्योतक है। ये क्षण आलौकिक है, ये पल पवित्रतम है। उन्होंने कहा कि रामलला को अब टेंट में नहीं रहना होगा। अब वो इस दिव्य मंदिर में रहेंगे। आज हमारे राम आए है। मुझे विश्वास है कि जो कुछ हुआ है वो देश के राम भक्तों तक जरुर पहुंचेगा। ये अनुभूति देश के हर राम भक्त को हो रही है। इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राम आग नहीं, ऊर्जा है। राम विवाद नहीं समाधान है। राम सिर्फ हमारे नहीं सभी के है। राम वर्तमान नहीं अनंतकला है।

उन्होंने कहा कि राम भारत की आस्था है। राम भारत का आधार है। वो देश के विचार हैं और विधान भी है। राम ही भारत के चेतना और चिंतन है। राम से ही भारत की प्रतिष्ठा और प्रताप है। राम प्रभाव, प्रवाह, नेति और नीति है। जब राम की प्रतिष्ठा होती है तो इसका प्रभाव शताब्दियों तक नहीं बल्कि हजारों वर्षों तक रहता है।

बता दें कि सुनहरी रंग का कुर्ता, क्रीम रंग की धोती और उत्तरीय पहने प्रधानमंत्री मोदी नवनिर्मित राम मंदिर के मुख्य द्वार से अंदर तक पैदल चलकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और गर्भगृह में प्रवेश किया। प्रधानमंत्री इस दौरान अपने हाथ में लाल रंग के कपड़े में लिपटा हुआ चांदी का एक छत्र भी लेकर आए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित अनुष्ठान किए।

जानकारी के मुताबिक मध्याह्न में साढ़े बारह बजे (12-29) बजे रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। गर्भगृह से मोदी करीब 8,000 लोगों को संबोधित करने के लिए एक अन्य स्थान की ओर गए। इन लोगों में संत, राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े लोग और मनोरंजन, खेल तथा उद्योग जगत की हस्तियां शामिल रहीं।

भारत को आज अपनी परंपराओं, संस्कृति और इतिहास पर गर्व है: जयशंकर

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत को आज अपनी परंपराओं, अपनी संस्कृति और अपने इतिहास पर गर्व है। उन्होंने साथ ही रेखांकित किया कि बहुत कम ऐसी सभ्यताएं हैं जो एक आधुनिक राष्ट्र के तौर पर अस्तित्व में हैं और हम उनमें से एक हैं। जयशंकर युगांडा में गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद नाइजीरिया पहुंचे और उन्होंने भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। विदेश मंत्री के रूप में पहली बार यहां आये जयशंकर ने कहा, हम आज दुनिया को संदेश दे रहे हैं कि आज एक ऐसा भारत है जिसे अपनी परंपराओं, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास पर गर्व है। मंत्री ने कहा कि दुनिया में बहुत कम ऐसी सभ्यताएं हैं जो एक आधुनिक राष्ट्र के रूप में बची हैं और हम उनमें से एक हैं। नाइजीरिया के साथ संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच लगभग 12-15 अरब अमेरिकी डॉलर का कारोबार है और उन्होंने नाइजीरियाई निवेशकों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया।

गोदाम में अवैध रूप से इकट्ठा किया गया ईंधन-रसायन जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार

मुंबई पुलिस ने यहां सेवरी के एक गोदाम में अवैध रूप से इकट्ठा किये गये ईंधन और रसायनों को जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शनिवार रात एक गोदाम पर छापा मारा और परिसर में अवैध रूप से इकट्ठा किये गये डीजल, रसायन और अन्य सामग्री को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मोइन खान (46) को गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरा आरोपी माहिर खान (51) मामले में वांछित है। उन्होंने बताया कि गोदाम से चार टेंपो समेत ड्रम में रखा डीजल, रसायन और ज्वलनशील पदार्थ जब्त किया गया। अधिकारी ने बताया कि जब्त की गयी सामग्री की कुल कीमत 8.7 लाख रुपये है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 285 (आग के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण), 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया।

कांग्रेस की दूरी को प्रमोद कृष्णम ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण, बोले- भगवान राम भारत की आत्मा

कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राम मंदिर के अभिषेक के निमंत्रण को अस्वीकार करने वाले विपक्षी नेताओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भगवान राम भारत की आत्मा हैं और इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण था। आचार्य प्रमोद ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। कोई ईसाई या पुजारी या मुस्लिम भी भगवान राम के निमंत्रण को अस्वीकार नहीं कर सकता। राम भारत की आत्मा हैं। राम के बिना भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि निमंत्रण को अस्वीकार करना भारत की सभ्यता और संस्कृति का अपमान करना है। इसका मतलब है भारत के गौरव और अस्तित्व को चुनौती देना। उन्होंने कहा कि मैं सभी विपक्षी दलों से आग्रह करना चाहूंगा कि भाजपा से लड़ें लेकिन राम से नहीं।

दिग्विजय नाथ, योगी आदित्यनाथ, गोरखनाथ और रामलला, क्या है 75 साल का इतिहास

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कहा कि राम मंदिर वहीं बनाएंगे का संकल्प पूरा हो गया है। योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में कहा था कि वह राम मंदिर आंदोलन के कारण संन्यासी बने हैं। वास्तव में उनका मंदिर आंदोलन से एक पीढ़ीगत संबंध है। गोरखपुर में गोरखनाथ धाम, जिसके वर्तमान महंत योगी आदित्यनाथ हैं। 75 वर्षों से अधिक समय से राम मंदिर आंदोलन से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। योगी आदित्यनाथ का संबंध पुरानी राम लला की मूर्ति से है जो 1949 में विवादित बाबरी मस्जिद में ₹प्रकट₹ हुई थी। योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि पीढ़ियों का संघर्ष और सदियों का संकल्प आज श्री अयोध्या धाम में श्री राम की जन्मस्थली पर भगवान श्री रामलला की नई मूर्ति के अभिषेक के साथ पूरा हो गया है। अपने गुरुओं और मंदिर आंदोलन में उनके योगदान को नमन करते हुए योगी ने लिखा कि इस अवसर पर युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज को भावभीनी श्रद्धांजलि है।

महंत दिग्विजयनाथ और रामलला की मूर्ति

गोरखनाथ मठ का राम मंदिर से संबंध स्वतंत्रता-पूर्व के दिनों में स्थापित हुआ था, जब तत्कालीन महंत दिग्विजयनाथ हिंदू महासभा में शामिल हो गए और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के पैरोकार बन गए। उन्हें उपदेशों और सभाओं के माध्यम से सभी जातियों और वर्गों के हिंदुओं को एकजुट करने का श्रेय भी दिया जाता है। मंदिर आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने 1948 में बलरामपुर के राजा पाटेश्वरी प्रसाद सिंह के साथ अखिल भारतीय राम राज्य परिषद पार्टी की स्थापना की। महंत दिग्विजयनाथ ही वह व्यक्ति थे जिन्होंने 22-23 दिसंबर, 1949 को रामलला की मूर्ति के प्रकट होने से नौ दिन पहले अखंड रामायण का पाठ शुरू किया था। वह उन कुछ लोगों में से एक थे जिन्होंने राम लल्ला की मूर्ति को ₹रहस्यमय तरीके से प्रकट₹ देखा था। उन्होंने स्थानीय लोगों से श्री राम जन्मभूमि से मूर्ति हटाने के प्रशासन के आदेश के खिलाफ मूर्ति की पूजा शुरू करने को कहा। रामलला की उपस्थिति ने घटनाओं की एक श्रृंखला शुरू की जिसने आने वाले दशकों के लिए आंदोलन को आकार दिया। जिस आंदोलन की नींव महंत दिग्विजयनाथ ने रखी थी, उसे 1969 में दिग्विजयनाथ के निधन के बाद उनके उत्तराधिकारी महंत अवैद्यनाथ ने आगे बढ़ाया। महंत दिग्विजयनाथ को वर्तमान मठ प्रमुख योगी आदित्यनाथ का गुरु दादा माना जाता है। वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं और राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या में मौजूद थे।

राम मंदिर आंदोलन का चेहरा रहे महंत अवैद्यनाथ

महंत दिग्विजयनाथ के निधन के बाद, महंत अवैद्यनाथ ने यह पद संभाला, जो राम मंदिर आंदोलन को बढ़ाने और इसे जन-जन तक ले जाने में एक कदम आगे बढ़े। महंत अवैद्यनाथ को 1984 में सर्वसम्मति से नव स्थापित श्री राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति का अध्यक्ष नामित किया गया था। समिति ने विभिन्न हिंदू संगठनों और साधुओं को एक छत के नीचे एकजुट करने की मांग की। सितंबर 1984 में उन्होंने राम मंदिर को मुक्त कराने के उद्देश्य से बिहार के सीतामढी से यूपी के अयोध्या तक एक धार्मिक जुलूस शुरू किया। सीतामढी को देवी सीता का मायका माना जाता है। गोरखपुर से चार बार लोकसभा के लिए चुने गए महंत अवैद्यनाथ के नेतृत्व में चले आंदोलन ने देश के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित किया। श्री राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति के बैनर तले महंत अवैद्यनाथ ने अपने हजारों सदस्यों के साथ, औपचारिक रूप से उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी को राम जन्मभूमि पर राम मंदिर के लिए एक औपचारिक मांग पत्र प्रस्तुत किया, जिससे राज्य सरकार असहज बनी। महंत अवैद्यनाथ के नेतृत्व ने 9 नवंबर, 1989 को राम मंदिर के शिलान्यास समारोह की घोषणा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की चिंताओं को दरकिनार करते हुए, वह शिलान्यास करने के लिए आगे बढ़े और इसे राष्ट्रीय सम्मान और हिंदू आस्था के लिए आंदोलन से जोड़ा।

एक बार फिर उन्हीं के मार्गदर्शन में नींव की प्रतीकात्मक खुदाई की गई और पहला पत्थर एक दलित कामेश्वर प्रसाद चौपाल द्वारा रखा गया। बाद के वर्षों में अथक प्रयास हुए, जिसमें 1990 में कारसेवा भी शामिल थी, जिसके दौरान भक्तों ने इस उद्देश्य के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। 1990 में पुलिस गोलीबारी में कारसेवकों की हत्या के बावजूद, अवैद्यनाथ ने आंदोलन जारी रखा और ₹बच्चा बच्चा राम का₹ नारे के साथ युवाओं को एकजुट किया।

सीएम योगी आदित्यनाथ

1996 में महंत अवैद्यनाथ ने योगी आदित्यनाथ को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया। योगी आदित्यनाथ 1998 में गोरखपुर से संसद सदस्य के रूप में चुने गए, जिस सीट से उनके गुरु अवैद्यनाथ ने पहले जीत हासिल की थी, और 2017 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। योगी आदित्यनाथ विश्व हिंदू महासम्मेलन और 2002 में हिंदू युवा वाहिनी के गठन में शामिल थे। इस तरह योगी आदित्यनाथ अपने गुरु पिता अवैद्यनाथ से मंदिर आंदोलन के उत्तराधिकारी बने। 1949 की रामलला की मूर्ति से उनका रिश्ता अपने गुरु दादा दिग्विजयनाथ की वजह से भी है।

कांग्रेस सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह पहुंचे रामनगरी, प्राण प्रतिष्ठा में लिया भाग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुई। प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को कांग्रेस द्वारा अस्वीकार कर दिया गया था। इसके बीच कांग्रेस पार्टी के नेता और हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह अयोध्या नगरी पहुंचे। उन्होंने राम मंदिर के भव्य समारोह में भाग लिया। वह हिमाचल सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं।

बताते चलें कि इससे पहले हिमाचल प्रदेश अपने राज्य कर्मचारियों के लिए आधे दिन के अवकाश की घोषणा करने वाला एकमात्र कांग्रेस शासित राज्य बन गया था। कांग्रेस ने 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह को बीजेपी और आरएसएस का कार्यक्रम बताया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी ने अयोध्या में कार्यक्रम का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया था।

कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया था कि 'भगवान राम हमारे देश में लाखों लोगों द्वारा पूजे जाते हैं। धर्म एक व्यक्तिगत मामला है। लेकिन, आरएसएस और बीजेपी ने लंबे समय से अयोध्या में मंदिर का राजनीतीकरण किया है। बीजेपी और आरएसएस के नेताओं द्वारा अधूरे मंदिर का उद्घाटन किया गया है। यह स्पष्ट रूप से चुनावी लाभ के लिए किया गया है। 2019 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करते हुए और भगवान राम का सम्मान करने वाले लाखों लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए कांग्रेस के नेताओं ने निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।'

मंदिर परिसर में हेलिकॉप्टर से की गई पुष्प वर्षा...

संगीत वाद्ययंत्रों से बजती रही रामधुन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अयोध्यानगरी में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम जारी है। इस अवसर पर सेना के हेलीकॉप्टर ने मंदिर परिसर में पुष्प वर्षा की। इसका वीडियो भी सामने आया है। हेलीकॉप्टर ने मंदिर परिसर के ऊपर कई राउंड घूमा। उस दौरान उससे पुष्प वर्षा होती रही। प्राण प्रतिष्ठा में राम जन्मभूमि मंदिर में 30 कलाकार भारतीय संगीत वाद्ययंत्र बजा रहे हैं। सभी मेहमानों के हाथों में घंटियां हैं। जिन्हें वह आरती के दौरान बजाएंगे। पूरा परिसर रामधुन में रमा हुआ है। बताया गया कि सभी संगीतकार एक सुर में अपने वाद्ययंत्र बजाते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहुंच गए हैं। वह मंदिर में अनुष्ठान कर रहे हैं। इस ऐतिहासिक समारोह में देश के सभी प्रमुख आध्यात्मिक और धार्मिक संप्रदायों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। समारोह में विभिन्न आदिवासी समुदायों के प्रतिनिधियों सहित सभी क्षेत्रों के लोग भी शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इस विशिष्ट सभा को संबोधित करेंगे। प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दोपहर में अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। सामान्यतः प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सात अधिवास होते हैं। वहीं कम से कम तीन अधिवास प्रचलन में होते हैं। अनुष्ठान का संचालन 121 आचार्य कर रहे हैं। गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ देखरेख करेंगे। अनुष्ठान और प्राण प्रतिष्ठा की सभी कार्यवाही का समन्वय और निर्देशन प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में हो रही है।

प्राण प्रतिष्ठा स्वावलंबन व संस्कारों का संगम : डॉ. पुष्पेन्द्र पासी

झाडेश्वर मंदिर में हवन-पूजन कर शुरू किया अनुष्ठान

अमन लेखनी समाचार

बंथरा । वरिष्ठ भाजपा नेता डा. पुष्पेन्द्र पासी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा के बहाने जातीय समरसता, उत्तर-दक्षिण का भेद पाटने और विरासत आधारित विकास की संभावनाओं का संदेश दिया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा स्वावलंबन, स्वाभिमान, स्वरोजगार के साथ संस्कारयुक्त रहते हुए आध्यात्मिक चेतना के विकास से जुड़कर सांस्कृतिक विरासत में छिपी समृद्धि की संभावनाओं पर काम करने की ललक जगाने का प्रयास किया गया है। डा0 पासी द्वारा सोमवार को सरोजनीनगर के हरौनी स्थित झांडेश्वर महादेव परिसर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधा प्रसारण एवं अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को सम्बोधित किया गया।

इस प्राण प्रतिष्ठ के कार्यक्रम के दौरान डा0 पासी ने कहा कि महात्मा गांधी तक ने आदर्श शासन के लिए रामराज्य पर बल दिया था। यही नही महर्षि वाल्मीकि व तुलसीदास भी राम समृद्धि को सिर्फ आर्थिक संपन्नता तक सीमित नहीं मानते। उनका मानना था कि समाज के संस्कार, एक-दूसरे के सरोकारों को सम्मान देने के संकल्प, परस्पर प्रीति व रीति, अनुराग, स्नेह, सत्ता यानी पद-प्रतिष्ठा पाने की जतन की जगह त्याग की भावना का संकल्प देखते हैं। इस मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार पासी बब्लू, पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ठाकुर नेहा सिंह, प्रधान गण विपिन रावत पीनू रीतेश सिंह, सुभाष पासी , इत्यादि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व अपार जनसमूह उपस्थित रहा ।

मौसम में थोड़े सुधार के साथ ही खुले स्कूल, मंगलवार से बदले हुए समय के साथ चलेंगी कक्षाएं

लखनऊ, प्राथमिक स्कूलों में ठंड की वजह से चली आ रही छुट्टियां खत्म हो गयी हैं। मंगलवार से स्कूल बदले हुए समय से खुलेंगे। सोमवार को मौसम बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहा। इसी के साथ प्राथमिक कक्षाओं में चल रही छुट्टियां खत्म हो गईं। हालांकि स्कूल का टाइमिंग बदला हुआ रहेगा। डीएम सूर्यपाल गंगवार ने सोमवार से स्कूल खोलने का आदेश जारी कर दिया। प्राथमिक से लेकर 12वीं तक के सभी सरकारी, गैर सरकारी व निजी स्कूल समय में बदलाव के साथ खोलने की अनुमति दी है। स्कूलों का समय सुबह 10 से दोपहर तीन बजे कर दिया गया है। यह भी कहा गया कि जिन स्कूलों में संभव हो, ऑनलाइन कक्षाएं चलाई जा सकती हैं। कक्षाओं में पढ़ाई के दौरान ठंड से बचाव के इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

भगवान राम की विशाल शोभायात्रा निकाली, जय श्री राम के लगे नारें

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। अयोध्या में भगवान राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर मोहनलालगंज नगर पंचायत के मऊ गांव में शिवाय सेवा समिति ने ग्रामीणो के सहयोग से भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली।

मऊ गांव के बंशी बाबा मंदिर प्रांगण में भगवान राम की झांकी की आरती करने के बाद शोभायात्रा पूरे गांव की गलियों में घूमती होती मोहनलालगंज कस्बा पहुंची।जगह जगह पुष्पवर्षा का झाकियों की लोगो ने आरती उतारी।शोभायात्रा के दौरान डीजे पर भगवान राम के भक्ति गीतो पर समिति के सदस्य झूमने लगे।शोभायात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक आलोक राव भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।इस मौके पर शिवाय सेवा समिति के आशीष चतुवेर्दी, राहुल मिश्रा, रंजीत यादव, पांशुल तिवारी, भाजपा जिला मीडिया संयोजक अशोक तिवारी, समाजसेवी अरुणेश प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान प्रदीप गुप्ता, सभासद हिमांशु तिवारी, बराती मिश्रा, आशीष द्विवेदी, लल्लन तिवारी, मनीष तिवारी, मानस गुप्ता, प समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सेना देगी अग्निवीर बनने के युवाओं को अधिक मौके, जल्द शुरू होंगे आवेदन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। युवाओं को अग्निवीर भर्ती में और अधिक मौका मिलेगा। सेना वर्ष 2024-25 की अग्निवीरों की भर्ती के लिए वित्तीय वर्ष आरंभ होने से दो महीने पहले ही फरवरी माह में युवाओं के आनलाइन पंजीकरण शुरू करेगी। सेना की वेबसाइट पर अभ्यर्थी अपना पंजीकरण करा सकेंगे। पंजीकरण के बाद लखनऊ सहित देश भर में कामन प्रवेश परीक्षा (सीईई) परीक्षाएं होंगी।

सफल होने पर आएगा बुलावा

परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को सेना भर्ती रैली के लिए बुलाया जाएगा। सेना में अग्निवीर जीडी, अग्निवीर तकनीकी, ट्रेड्समैन, और एसकेटी के पदों के लिए भर्ती रैली में पिछले साल ही परिवर्तन किया गया है। पहले सेना भर्ती रैली की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होती थी। भर्ती रैली में सफल होने वाले अभ्यर्थी ही शारीरिक दक्षता और मेडिकल के बाद सीईई में शामिल होते थे। अब सेना ने योग्य युवाओं को अधिक मौका देने के लिए अग्निवीर की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव किया है। पिछले साल ही अग्निवीरों की भर्ती के लिए नई व्यवस्था को लागू किया गया है।

सेना की वेबसाइट पर करना होगा आवेदन

अब सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर पहले आनलाइन आवेदन करना होता है। आवेदन करने वाले युवाओं की सीईई लखनऊ सहित कई शहरों में आयोजित की जाती है। परीक्षा में सफल उम्मीदवार ही रैली में शामिल होंगे। सेना भर्ती मुख्यालय लखनऊ के अंतर्गत आने वाले लखनऊ, औरैया, बाराबंकी, कन्नौज, गोंडा, बांदा, हमीरपुर, फतेहपुर, कानपुर नगर, उन्नाव, कानपुर देहात, महोबा और चित्रकूट जिलों के अभ्यर्थी फरवरी माह के पहले सप्ताह से सीईई के लिए अपना आवेदन कर सकेंगे। सेना भर्ती मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक युवाओं को अग्निवीर बनने का मौका अब जल्दी-जल्दी और अधिक से अधिक मिलेगा।

जबरौली में गरीब व असहायो को ठंड से बचाने को बांटे कम्बल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।अयोध्या में भगवान राम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर सोमवार को मोहनलालगंज के जबरौली गांव में गरीब व असहायो लोगो को ठंड से बचाने के लिये कम्बल वितरित किये गये।मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला व विशिष्ट अतिथि भाजपा मीडिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अशोक तिवारी व भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरू पांडे ने आयोजक अमित तिवारी के साथ क्षेत्र के सैकड़ो गरीब व असहाय बुजुर्गो व महिलाओ को कम्बल वितरित किये।ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि हर किसी को आगे आकर गरीबों की मदद करने चाहिए।इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि कोई गरीब भूखा ना रहे। सर्दी से बचाव के लिए भी गरीबों की मदद करनी चाहिए। आयोजक अमित तिवारी महाराज ने अतिथियो को अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया।इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मुकेश द्विवेदी, अनुपम मिश्रा, भाजपा सभासद हिमांशु तिवारी, हिमांशु सिंह, श्यामू सिंह, दुर्गेश शर्माण, अरूण साहू, दुर्गेश सिंह, श्यामू दीक्षित, दिलीप तिवारी, हरी ओम समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

मोहनलालगंज में जगह-जगह सुंदरकांड पाठ व भंडारो का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर मोहनलालगंज, गोसाईगंज, निगोहां क्षेत्रो में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।राममंदिरो में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन भी हुआ।कई जगह भंडारो का आयोजन हुआ।श्री राम के लिये मोहनलालगंज व निगोहां में लोग सड़को पर उतरे ओर राम दरबार की झांकी के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गयी।घरो में लोगो ने दीप जलाने के बाद आतिशबाजी भी छुड़ाई। मोहनलालगंज कस्बे मे कालेबीर बाबा परिसर में बने बाला जी मंदिर, ठाकुर द्वारा समेत सभी मंदिरो को बिजली की झालरो व गुब्बारो से सजाया गया।इस मौके पर संगीतमय सुंदरकांड पांठ व एक हजार मिट्टी के दीपो का प्रज्जवल कर भंडारे में तहरी व बूंदी के प्रसाद का वितरण किया गया।देर शाम मंदिर परिसर में कई घंटो तक अतिशबाजी भी की गयी।इस मौके पर मंदिर में हजारो की संख्या में मौजूद रामभक्तो द्वारा लगाये गये जय श्री राम के नारो से समूचा कस्बा गूंज उठा।कार्यक्रम का आयोजन कालेबीर बाबा मंदिर सेवादार समिति के अध्यक्ष हरी गोविंद मिश्रा व बाला जी सेवा समिति के अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी व विजय जायसवाल द्वारा जनसहयोग से किया गया।मोहनलालगंज कस्बे में व्यापार मंडल अध्यक्ष व चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडे व व्यापारी अमितेश पांडे द्वारा रामचरित मानस पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन करने के साथ ही अयोध्या मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को एलसीडी पर लोगो को लाइव दिखाया।व्यापारी मानस गुप्ता ने सुंदरकांड पाठ समेत प्रसाद वितरण कर अतिशबाजी छुड़ाई।गोसाइगंज नगर पंचायत में चेयरमैन निखिल मिश्रा ने सुंदरकाठ पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया।परेहटा गांव में शिव मंदिर व राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन उमा शंकर मिश्रा व अंजनी मिश्रा द्वारा किया गया।इस मौके पर कीर्तन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।नीलमथा में पंचमुखी हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत समाजसेवी अनिल दुबे द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।निगोहां थाने में बने मंदिर में प्रभारी अनुज कुमार तिवारी व मोहनलालगंज कोतवाली में बने मंदिर में प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने पुलिसकर्मियों के साथ पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण कर आतिशबाजी छुड़ाई? इस मौके पर ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक आलोक राव, भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अशोक तिवारी, अमित तिवारी, भाजपा नेता अविचल शुक्ला, महाराज, व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडे, लल्लू द्विवेदी समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोगो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राममय हुआ क्षेत्र, जगह-जगह हुआ भंडारे का आयोजन

प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा पर लोगों ने घरों और मंदिरों पर दीप जलाकर मनाई दीवाली

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद राम मंदिर में रामलला विराजमान हो गए है। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में उत्साह है। रामलला के विराजमान होने को लेकर राजधानी लखनऊ में लोगों ने जगह-जगह पर कई कार्यक्रम आयोजित किए। कहीं मंदिरों में पूजन अर्चन तो कहीं भजन कीर्तन सुंदरकांड रामचरितमानस पाठ के कार्यक्रम हो रहे है। इसके अलावा लोग सड़कों पर मिठाई बांटते और पटाखे छुड़ाते भी नजर आए। साथ ही सड़कों पर लोग अपनी गाड़ियों में राम ध्वज लगाकर जय श्री राम के नारे के साथ घूमते हुए जश्न मना रहे हैं। ऐसे में पूरा लखनऊ राममय में डूबा हुआ नजर आया। वहीं अटेर में स्थित आस्था का प्रतीक मां बाराह देवी मन्दिर पर बड़े उल्लास के साथ रामचरितमानस पाठ कर लोगों ने पूजन कीर्तन के साथ दीप जला कर दीवाली मनाई। इस अवसर पर मोहित सिंह, संरक्षक रमेश सिंह चौहान, संतोष कुमार सिंह (तिलन) सहसंयोजक हिंदू जागरण मंच, दिनेश सिंह पूर्व प्रधान, ओम प्रताप सिंह, विशंभर सिंह, रामनारायण, धीरेंद्र सिंह, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में भिम्मा खेड़ा व भतोइया में गावा देवी मंदिर पर पूड़ी सब्जी, बूंदी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बड़े ही हर्षोउल्लास पूर्वक शांति सद्भाव पूर्ण खुशियों के माहौल में हर घर, हर मंदिर देवालयों प्रतिष्ठानों को बखूबी सजाया गया। हरेक जगह आतिशबाजी, भजन संकीर्तन, सुंदरकांड पाठ, धार्मिक अनुष्ठान की धूम रही है। मंदिरों में साज सजा पूजन भजन कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्याम सिंह, राघवेंद्र सिंह (मोनू) एडवोकेट, रावेन्द्र सिंह (रवि), आलोक कुमार मौर्य, उमेश सिंह राजा, दिनेश शर्मा, प्रवेश मौर्य, रंजीत, अमर सिंह, विजय सिंह, बबलू पाल सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

सिर पर चोट लगने से हुई डाला चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर-लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में रविवार रात एक डाला चालक के सिर में संदिग्ध हालात में चोट लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस इलाज के लिए उसे सरोजनीनगर स्थिति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गई। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के मुताबकि मूलरूप से सीतापुर का रहने वाला सरोज कुमार (34) सरोजनीनगर के शांति नगर स्थित विनोद कुमार गुप्ता के मकान में किराये पर करीब तीन साल से परिवार सहित रहकर ट्रांसपोर्ट नगर में डाला चलाता था। पुलिस के मुताबिक रविवार रात करीब नौ बजे नशे की हालत में घर पहुंचा और पत्नी नीलम से किसी बात को लेकर उसका विवाद हो गया। बताया जाता है कि गुस्से में आकर सरोज कमरे के अंदर दीवार से अपना सिर जोर-जोर लड़ाने लगा। जिससे सिर में काफी गंभीर चोट लग गई और उसके नाक व सिर से खून बहने लगा। जिससे वह बेहोश होकर वहीं गिर पड़ा। नीलम के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। इसी दौरान पड़ोसियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस उसे बेहोशी की हालत में सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां चिकित्सकों ने सरोज को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी नीलम के अलावा दो बच्चे पुत्र अंकुश (10) और पुत्री आकांक्षा (4) है। इस संबंध में सरोजनीनगर के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी का कहना है कि सरोज शराब का आदी था। नशे की हालत में जमीन पर गिरने से हेड इंजरी होने से उसकी मौत हुई है। मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

चोरी के एथनाल के साथ युवक को पुलिस ने भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर पुलिस ने मुखबिर की निशानदेही पर एक युवक को चोरी के एथनाल के साथ दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गये युवक के कब्जे से 12 सौ लीटर एथनाल भी बरामद करने का दावा किया है। पुलिस द्वारा आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया। सरोजनीनगर थाने में तैनात उपनिरीक्षक रामसरन मौर्या के मुताबिक रविवार की दोपहर करीब दो बजे वह थाना क्षेत्र के अमौसी बाजार में मौजूद थे। इसी दौरान एक मुखबिर ने उन्हें पास में ही मौजूद एक कबाड़ी की दुकान के पीछे एक व्यक्ति द्वारा संदिग्ध पदार्थ इधर-उधर किये जाने सूचना दी। बुखबिर की सूचना के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये युवक ने अपने को उन्नाव जिले के हसनगंज थाना क्षेत्र के मूसेपुर व हालपता पतौरा मोड़ थाना काकोरी बताया। पुलिस पूछतांछ में पकड़े गये युवक ने टैंकर चालको से चोरी का एथनाल खरीदकर डिब्बो में भरकर रखने की बात बताई है। जिसे बेचने के लिए वह ग्राहक ढूंढ रहा था। पुलिस ने बताया कि युवक के कमरे की तलाशी के दौरान उसे एथनाल से भरे हुए 24 डिब्बे बरामद हुए। जिनमें 50-50 लीटर एथनाल भरा हुआ है। पुलिस ने 12 सौ लीटर एथनाल बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

श्री कृष्णा विहार में राम कथा का आयोजन

समापन के दौरान पहुंचे सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह

हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । अयोध्या धाम में सोमवार को 500 वर्षों के इंतजार के बाद प्रभु राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस उपलक्ष्य में रायबरेली रोड स्थित श्री कृष्णा विहार कॉलोनी में 9 दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया था जिसका सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होने के बाद समापन कर दिया गया। इस मौके पर सरोजनीनगर विधानसभा के विद्यायक राजेश्वर सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि राम के आने का मतलब है, धर्म क्षेत्र में धर्म पराजित कभी नहीं होता है। राम के आने का मतलब है, भरतभूमि पर नई हवाएं चलने वाली हैं। राम के आने का मतलब है, विश्व मंच पर भारत की छवि बदलने वाली है। कॉलोनी वासियों ने समापन के मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें लगभग 5 हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोसायटी के अध्यक्ष मान सिंह यादव, सचिव एस एन शर्मा, आलोक सिंह, के के तिवारी, नागेश्वर द्विवेदी, राकेश सिंह, विनोद त्रिवेदी, भोलेनाथ, विनोद पांडेय, मनोज झा, परितोष ओझा ने अहम भूमिका निभाई।

संक्षेप

बकरी से टकरा कर बाइक सवार युवक घायल

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाजीपुर गोसा रोड पर इंडियन गैस गोदाम के पास छंदन सिंह पुत्र लल्लू सिंह वह हर्ष सिंह पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी जनसरी थाना टड़ियावां जनपद हरदोई जो की तिलक का कार्ड देने ताला सराय जा रहे थे अभी वह लोग औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाजीपुर गोसा के पास बने गैस गोदाम के पास पहुंचे ही थे कि सामने से बकरी आ जाने से गाड़ी अनियंत्रित होकर गिर गई गाड़ी गिरने से दोनों लोग चुटहिल हो गए राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया जहां स्थिति असामान्य होने पर छुंदन सिंह को जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया गया है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना पर किया गया प्रचार-प्रसार

उन्नाव। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं से संबंधित मुद्दों और समस्याओं के प्रति जागरूकता एवं बालिकाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सप्ताहिक जागरूकता अभियान 19 से 24 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजन करने हेतु दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं जिसके क्रम में सोमवार को 22 जनवरी 2024 को जिलाधिकारी एवम् जिला प्रोबेशन अधिकारी महोदय के निर्देशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का लोगो सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक स्थान, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मोटर वाहन आदि स्थानों पर चस्पा करते हुवे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार किया गया।

विद्युत कटौती से लोगो में पनपा आक्रोश

पुरवा, उन्नाव। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सी०एम एवं बिजली विभाग के एम०डी ने लोगों को बिजली न मिलने पर सोमवार की सुबह सोशल मीडिया में नगर समेत चारो फीडरों के गांवों में बिजली कटौती होने का सोशल मीडिया पर तीन घंटे कटौती को लेकर लोगो मे नाराजगी होने के चलते एसडीएम व बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता से शिकायते होने पर दो घंटे बात बिजली संचालित हुई।

बताते चलें कि विद्युत विभाग ने नगर समेत चमियानी, बेहटा, एवं मंगतखेड़ा फीडर का सोमवार की सुबह 9:10 बजे से दोपहर 12:10 तक रोस्टिंग जारी कर दी गई वहीं बिजली कटौती होते ही लोगो ने सोशल मीडिया में आक्रोश प्रकट करने लगे जिसपर एसडीएम रणवीर सिंह व अधिशाषी अभियंता योगेन्द्र चतुवेर्दी से उच्चाधिकारियों ने वार्ता की जिस पर करीब 11:15 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी।इस विषय में अधिशासी अभियंता योगेंद्र चतुवेर्दी ने बताया कि कारपोरेशन द्वारा कटौती का रोस्टर जारी किया गया था लेकिन भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर कारपोरेशन से बात कर रोस्टिंग में कटौती कर 11:15 पर आपूर्ति शुरू करा दी गई हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त सचल वाहनों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रही है। यह यात्रा जनपद के 06 विकास खण्डों की 18 ग्राम पंचायतों में संचालित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि ग्राम पंचायत में निवासित जन समूह को जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ जन -जन तक पहुंचाना। विकसित भारत संकल्प यात्रा की आज की कड़ी में जनपद में नवाबगंज, विछिया, असोहा बांगरमऊ, बीघापुर एवं एफ - चौरासी विकास खण्डों के ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

आयोजित सभी विकास खण्डों में लगभग 21000 स्थानीय निवासियो ने प्रतिभाग कर वर्ष 2047 भारत देश को विकसित करने का संकल्प लिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा दौरान ग्राम पंचायत में निवासित ग्रामवासियों तक जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से राज्व विभाग, सहकारिता, कृषि विभाग, स्वास्थ विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति, ग्राम्य विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, जिला अग्रणी बैंक, पशुपालन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग के तत्वावधान में संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के किसानों की ई-केवाईसी, एनपीसीआई, भू-अंकन एवं किसानों का ओपेन सोर्स के किसानों की समस्याओं का समाधन किया गया तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत के 5 किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भेजे जाने का प्रमाण दिया गया। नवाबगंज के ग्राम पंचायत निबहरी कल्याणपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष सकुन सिंह व युवा भाजपा नेता शशांक शेखर शनि सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार चौहान ने प्रतिभाग कर उपस्थित जन-समुह एवं किसानों की समस्याओं से अवगत हुए तथा जिन समस्याओं का निदान तत्काल सम्भव था उसका निदान करवाये अन्य समस्याओं का अतिशीघ्र निदान कराने का आश्वासन दिये।

राम लला के प्राण प्रतिष्ठा पर उमड़ा आस्था का जन सैलाब

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। लगभग 500 वर्षों के इंतजार के बाद जन-जन के हृदय में बसने वाले प्रभु श्री राम के अयोध्या मे निर्मित मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लोगो की आस्था उमड़ आयी। प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह बीघापुर तहसील मुख्यालय समेत चारों तरफ दिख रहा है। सुमेरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गाँव पाटन मे गायत्री शक्ति पीठ मन्दिर, सुमेरपुर में रामजानकी लखनलाल मंदिर, भटखेरवा में माँ आनंदी देवी मंदिर, बिहार में शिव मंदिर , भगवंतनगर के कई मंदिर बक्सर माँ चंदिका देवी मंदिर सहित क्षेत्र के सभी मंदिरों , सरकारी कार्यालय एवं अन्य देवालयों मे फूलों एवं बिजली की झालरों से सजाया गया है, घरों में भी दीपोत्सव की लोगों ने तैयारिया कर रखी है हर तरफ प्रभु श्री राम के चित्र वाले भगवाध्वजो ने क्षेत्र को राममय कर दिया है। क्षेत्र के तमाम स्थान पर अयोध्या धाम पर हो रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण को देखने के लिए लोगो ने एलईडी लगाई जिसमें लोगों ने सीधा प्रसारण देखा। और अपने घरो मे टीवी पर भी लोगों ने देखा एक हफ्ते पूर्व से ही मंदिरों की साफ सफाई के साथ उन्हें रंग रोगन कर नया रूप देते हुए फूलों की लड़ियों और बिजली की झालरों के साथ रोशनी का इंतजाम राम भक्तों ने किया। क्षेत्र में गाँव - गांव भंडारे के साथ-साथ मंदिरों में सुंदरकांड पाठ का आयोजन की व्यवस्था राम भक्तों ने कर रखी है। कई मंदिर परिसरो से प्राण प्रतिष्ठा के दौरान गाँव समेत क्षेत्रीय हजारों भक्तों के राम मय के जयकारों के साथ शोभा यात्रा भी निकाली गई जिनमे बिहार, मनिकापुर, भगवन्तनगर आदि शोभा यात्रा प्रमुख रही। भाजपा नेता आशु बाजपेयी द्वारा बक्सर में 21 हजार दीपोत्सव के साथ पूजन किया गया। डौडियाखेड़ा में राजबक्स सिंह, मुन्ना सिंह अवधूत, आदि के द्वारा सुंदरकांड उपरांत भंडारा किया गया। कमलेश शुक्ला द्वारा राजा साहब की कोठी में स्थित रामलला दरबार मे भजन पूजन के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर क्षेत्र में दिवाली जैसा माहौल

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भारत देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के व प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर औरास क्षेत्र में रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन मानो दिवाली जैसा माहौल रहा वहीं क्षेत्रीय लोग व भाजपा नेताओं ने विभिन्न प्रकार की रैलियां डीजे आदि लेकर गांव व कस्बों में घूमते नजर आए जय श्री राम जय श्री राम के नारे भी सुनने व देखने को मिल रहे थे वही औरास कस्बे में नगर अध्यक्ष राकेश कुमार हुआ अधिशासी अधिकारी औरास संजय कुमार की उपस्थिति में नगर में डीजे की धुन पर रैली निकाली गई वही जंगलेस्वर महादेव मंदिर से भी राम भक्तों ने विशाल रैली निकाली वहीं कस्बे में रैली निकालने से प्रशासन भी अलर्ट रहा।

अयोध्या में श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा पर बड़े हनुमान मंदिर पर किया भव्य कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। राममय हुआ शहर का माहौल हनुमानजी के मंदिर में अयोध्या कार्यक्रम का लाइव प्रसारण के साथ बनारस के गंगा आरती के आचार्यो द्वारा महाआरती का आयोजन ,प्रभु श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा सनातन धर्म की पुनर्स्थापना हैं।पौष माह शुक्ल पक्ष द्वादशी तिथि विक्रम संवत्सर 2080 अंग्रेजी कैलेंडर में 22 जनवरी का दिन इतिहास में दर्ज हो गया जब अयोध्या में जन्मस्थान पर रामलला की प्राणप्रतिष्ठा की गईं।नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री एवम प्रभारी विमल द्विवेदी की अगुवाई में बड़े हनुमानजी के मंदिर में भव्य आयोजन किया गया आज प्रमुख तौर पर बड़े हनुमानजी के मंदिर में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विशाल स्क्रीन लगाकर भक्तों की सुगमता के लिए किया गया साथ ही भक्तों के लिए भोजन प्रसाद का भी प्रबन्ध किया गया।शाम को महाआरती बनारस से पधारे गंगा आरती के आचार्यो द्वारा की गई।विभिन्न झांकियों ने आमजन को दिनभर सम्मोहित किया।21000 दीपकों से शाम मंदिर में दीपोत्सव मनाया गया ।बच्चों द्वारा निर्मित रंगोली विशेष आकर्षण बनी रही साथ ही पुष्पों से बने राम आगमन पथ से श्रीराम का आगमन हुआ और प्रभु श्रीराम के रूप में कलाकार सिंहासन पर आरूढ़ हुए। विशेष अतिथियों के तौर पर एसडीएम सदर, मजिस्ट्रेटउन्नाव, सदर विधायक पंकज गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे ।साथ ही नगर के हजारों रामभक्तों का जमावड़ा लगातार बना रहा।अनीता द्विवेदी, दीपा त्रिपाठी, हिन्दू जागरण मंच जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, विकास सिंह सेंगर, एडवोकेट राघवेंद्र पांडेय, अभिषेक तिवारी, मनीष अवस्थी, आचार्य कमलेश बाजपेई गायत्री परिवार, मनीष मिश्रा, शैलेन्द्र त्रिवेदी, आदि मौजूद रहे।

मंदिर प्रांगण में सुंदर काण्ड का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र में सोमवार को बैसवारा कल्याण समिति द्वारा डांडियाखेड़ा में राजा रामराव बक्स सिंह के किले पर रामेश्वर मंदिर में साफ सफाई के बाद सुंदर कांड पाठ सम्पन्न हुआ। आयोजको ने अयोध्या में श्री राम चंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शाम 2 बजे से 4 बजे तक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। शाम को 21 सौ डीप प्रज्वलित कर भजन गायन किया गया। समिति पदाधिकारी हरिओम सिंह ने बताया कि देश की जनता को गुलामी की जंजीरों से छुटकारा दिलाने के वाले अमर शहीदों को समिति द्वारा नमन कर दीप उत्सव मनाया गया। रामलला अपने घर आए हैं क्षेत्र खुशियों से सराबोर है। उपस्थित लोगों में क्षेत्रीय बैसवारा कल्याण समिति के महामंत्री हरिओम सिंह, अध्यक्ष मुन्ना अवधूत, सतीश कुमार बाजपेई, राकेश सिंह, दिनकर राव, अजय पाल सिंह, रमेश गोस्वामी, रमेश सिंह, विश्व मोहन सिंह, आर्यन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मीडिया कर्मी ने निकाली शोभा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

मियागंज, उन्नाव। सैकडो वर्षो से भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण एवम प्राण प्रतिष्ठा की प्रतीक्षा का इंतजार खत्म होने के उपरांत 22 जनवरी को अवध नगरी अयोध्या में भगवान श्री राम लला के हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत सफीपुर तहसील के ग्राम पंचायत पेसारी में पत्रकार अजीत कुमार यादव की अगुवाई में बाजे गाजे के साथ निकाली गई शोभा यात्रा यात्रा में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे जिला प्रचारक संघ स्वामी नाथ जी लव कुश नगर उन्नाव व भाजपा नेता सौरभ तिवारी ने पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा को रवाना किया यात्रा गांव के सभी मंदिरों से होकर निकाली गई जयकारों से गली मोहल्ले में लोग भक्ति भाव से लीन रहे। इस अवसर पर अभिषेक यादव, कुलदीप यादव, केपी वर्मा, पवन यादव, प्रेम वर्मा, अमित वर्मा, सुखबिंद यादव, अमन यादव, पंकज यादव, शुषपाल यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे ।

राम कथा समापन बाद भव्य जागरण हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज। पचोड़डॉ स्थित श्री बाला जी मंदिर में चल रही सात दिवसीय राम कथा के समापन अवसर पर रात्रि कालीन बेला में भव्य जागरण संपन्न हुआ।जिसमें दूर दूर से आये भजन गायकों ने भजन व हनुमान, राधा कृष्ण, की झाकिया दिखाकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। जागरण का शुभारम्भ सिकंदरपुर कर्ण के ब्लाक प्रमुख प्रेम सिंह चंदेल व अचलगंज नगर पंचायत के प्र तिनिधि राजीव वर्मा ने पूजन अर्चन कर किया।जगराते की शुरूआत कानपुर से पधारी सैफाली द्विवेदी ने गाया, सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आये है। बाँदा से पधारे हरिश्चंद्र ने भजन गाया कि सफल हो मेरा आना बैठ कर तुम्हे मनाना, भगत की आस न टूटे नाही खाली लौट आना।मुकुल बाजपेयी ने गणेश वंदना, आशीष यादव ने बाला जी सरकार पर भजन गाकर खूब तालियां बटोरी। अंकित बाला जी पार्टी ने हनुमान जी , राधा कृष्ण, महाकाल, समुद्र मंथन , मेघनाथ बध, सीता खोज की अदभुत झांकिया दिखाकर भक्ति भावना का परचम लहराया। इस मौके पर प्रसांत तिवारी, अजय बाजपेयी, राजा प्रधान, राहुल शुक्ल, विक्की गुप्ता, गौरव गुप्ता, भगौती पासवान, ललित मिश्रा, सुनील दीक्षित, मुन्नू शुक्ला, मोनू दुबे, सचिन सविता, संदीप दुबे, आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम के आयोजक वीरेंद्र महाराज ने लोगो का आभार ब्यक्त किया।

श्री राम की निकली शोभायात्रा जगह जगह लोगो ने किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्र सहित कस्बा उत्साह और उमंग में सराबोर रहा हो भी क्यो न उनके आराध्य प्रभू श्रीराम का 500 वर्षों बाद आगमन जो हुआ है।उनके स्वागत अभिनंदन के लिए पूरा समर्पण देखने को मिल रहा है।पग-पग पर प्रसाद वितरण भंडारे आयोजित किये गए।क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर ने भक्तों के साथ नगर भ्रमण कर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी।भगवती चरण वर्मा पार्क में सजीव प्रसार के दौरान जैसे ही रामलला का प्राकट्य हुआ जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों वातावरण राम मय हो गया प्रभु श्री राम की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई जो कस्बे के अहिराना महावीर मंदिर से निकल कर परियर मार्ग हरदोई उन्नाव समेत कस्बा के समस्त गलियों में शोभायात्रा पहुंची कस्बा वासियों ने शोभायात्रा का जोरदार स्वागत कर जमकर जय श्री राम के नारे लगाए।

प्राण प्रतिष्ठा पर ग्रामीण से लेकर कस्बा तक गूंजता रहा श्री राम का जयघोष

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर एवं ग्रामीण अंचलों में संगीत की धुन में सुंदर काण्ड व प्रसाद में खीर, हलुआ, बूंदी का वितरण किया गया। तहसील मुख्यालय पर स्थित शिव मंदिर में सुंदर काण्ड का पाठ व प्रसाद वितरण तथा एलईडी लगाकर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण में एसडीएम रणवीर सिंह, सीओ सोनम सिंह, नायब तहसीलदार आशुतोष पांडेय, लेखपाल प्रशांत अवस्थी लेखपाल मर्दन सिंह रहे। वहीं कोतवाली परिसर में स्थित मंदिर में सीओ सोनम सिंह, प्रभारी निरीक्षक कुँवर बहादुर सिंह व उपनिरीक्षक जय नारायण मिश्रा ने पूजा अर्चना करके सुंदर काण्ड का आयोजन के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इसी कड़ी में नगर के बिल्लेश्वर मंदिर, आनंदेश्वरी मंदिर, शीतलगंज स्थित छोटी आन्नदेश्वरी मंदिर व राजाबाजार में स्थित शंकर मंदिर में पूजा अर्चन करके सुंदर काण्ड का आयोजन हुआ। साथ ही बस स्टॉप, मिर्री चौराहा, राजाबाजार, जोतपुर, चंदीगढ़ी, पासाखेड़ा, चमियानी, भुलेमऊ, टीकर कला, गदोरवा, अटवा, टिकरिया, चमियानी रोड़ सहित गांवों में मंदिरों के में भक्तों ने सुंदर कांड का आयोजन कर भंडारे में पूडी सब्जी, बूंदी, हलुवा, खीर का वितरण किया।तथा घरों में लोगों ने भी पूजा अर्चना करके प्रसाद वितरित किया। तथा भक्ति गीतों के साथ घरो में प्रभु श्री राम का ध्वज लगाया। उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सोनम सिंह ने सुरक्षा को लेकर क्षेत्र में भ्रमण कर पल पल की नजरे लगाए रही।

राम मय हुआ हिंदुस्तान लोगों में दिखा उत्साह

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र में राम भगवान प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जगह जगह आयोजन किए गए।जलेश्वर नाथ मंदिर परिसर में एलसीडी लगाकर लाइव टेली कास्ट का प्रसारण चेयरमैन समर जीत यादव, कपिल निगम सहित सैकड़ों भक्तो ने देखा था भंडारे में आलू पूड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।इसके अलावा झलोतर गांव में पवन चौरसिया, राम पाल, अनुराग, नन्हे लाल आदि लोगो ने सुंदर काण्ड पाठ के बाद तहरी बूंदी भोज का आयोजन ,नवई बाजार में मुड़वा बाबा मंदिर में समाजसेवी विष्णु कश्यप, आन्नदेशवर, शीतला माता मंदिर में हर्ष श्रीवास्तव, संदीप निगम ने सुंदर पाठ का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया। हसनगंज में भव्य शोभायात्रा झांकी निकाली गई जिसमे खुनखुन सिंह, सुनील सिंह सहित हजारों भक्त मौजूद रहे मौला बांकीपुर में प्रधान प्रतिनिधि शशिकांत सिंह ने हवन पूजन भंडारा किया इस मौके पर उपस्थित रहे अजय शुक्ला संदीप सिंह शिवकेश ऋषि सिंह सुनील सिंहइसके अलावा सैरपुर, न्योतनी, धौरा, नई सराय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों में पूजा पाठ कर प्रसाद वितरित किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने जानकी कुण्ड में जलाए दीप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर परियर जानकी कुण्ड में जनपद की प्रथम नागरिक जिला पंचायत अध्यक्ष व उनके युवा पुत्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर भव्य आयोजन किया वही जानकी कुण्ड प्रांगण में संगीत मय सुंदर काण्ड का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया काफी संख्या में भक्त गणों ने प्रसाद ग्रहण कर जमकर जय श्री राम के नारे लगाए अयोध्या नगरी में श्री राम प्रभु के प्राण प्रतिष्ठा पर जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह व उनके पुत्र युवा भाजपा नेता शशांक शेखर शनि ने परियर के जानकी कुण्ड में भव्य आयोजन आयोजित कर दीप जलाकर पटाखे फोड़े वही संगीत मय सुंदर काण्ड का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया मौजूद भक्त गणों ने जय श्री राम माता सीता व जय श्री हनुमान के जमकर नारे लगाए इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह चंदेल युवा भाजपा नेता शिवेंद्र प्रताप उर्फ गोलू सिंह अनिरुद्ध सिंह बबलू सिंह चंदेल मनीष सिंह कुश सिंह नरेंद्र सिंह अभिजीत सिंह समेत काफी संख्या लोग मौजूद रहे।

राम लीला कमेटी की अगुवाई में निकाली गई शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। राम जन्म भूमि अयोध्या श्री राम मंदिर मे भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर स्थानीय कस्बा में भी माहौल राममय हो गया है।आज नगर पंचायत में जय श्री राम के जयकारों के साथ रामलीला कमेटी की अगुवाई में शोभा यात्रा निकाली गई।

फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत तथा ऊगू आज राम मय हो गया।ऊगू कस्बे में आज रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राहुल पटेल व। महामंत्री अवधेश, पूर्व नगर अध्यक्ष अनुज दीक्षित की अगुवाई में शोभा यात्रा रामलीला परिसर हनुमान मन्दिर से प्रारम्भ होकर नगर पंचायत के विभिन्न मोहल्लों से गुजरते हुए कामाख्या माता मंदिर से गुजरी । यात्रा में प्रभु राम, माता जानकी, लक्ष्मण जी, बजरंग बली की झांकियां भी यात्रा में शामिल रही। नगर फतेहपुर चौरासी के माँ शीतला देवी मन्दिर, आनंदेश्वर महादेव मन्दिर, नेहरू नगर के श्री राम मन्दिर में सजावट पूजन अर्चन किया गया तथा झूलू मऊ के फूलमती देवी मन्दिर में रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा की गई।इस अवसर पर महेश दीक्षित, बी डी ओ अनिल कुमार, ए डी ओ पंचायत हेमन्त कुमार, ग्राम सचिव विवेक कुमार आदि फूल मती मन्दिर के कार्यक्रम मे रहे वहाँ अयोध्या के कार्यक्रम को भी दिखाया गया।

कृष्ण कुमार द्विवेदी नवीन पटेल आदर्श दीक्षित विवेक दीक्षित अजय द्विवेदी सुनील शास्त्री हर्ष शुक्ला रमशंकर तिवारी, अनुज दीक्षित, सूर्यप्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के सभी गांवो मे आज अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रद्धालुओ ने जगह जगह रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया वहीं ग्राम पंचायत कुडीना मे प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार की अगुवाई में राम लक्ष्मण सीता हनुमान की झांकी निकाल कर ग्राम पंचायत को राममय कर दिया।

चिंतन

वेड इन इंडिया से मजबूत होगा आर्थिक राष्ट्रवाद

नरेंद्र सिंह तोमर

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ ही पीएम नरेन्द्र मोदी आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को भी मजबूत करने के लिए आवाम को प्रेरित करते रहते हैं। पीएम ने वोकल फॉर लोकल के बाद अब 'वेड इन इंडिया' का आह्वान किया है। दरअसल समृद्ध भारतीय विदेश में जाकर वेडिंग सेरेमनी करते हैं। एक अनुमानित आंकड़े के मुताबिक भारतीय प्रति वर्ष करीब पांच हजार से अधिक शादियां विदेश में जाकर कर रहे हैं। इन पर करीब एक लाख करोड़ रुपये खर्च करते हैं। विदेश में होने वाली शादियां अगर भारत में ही शिफ्ट हो जाएं तो ये पैसे भारत में ही खर्च होंगे, जिससे देश का पैसा बाहर जाने से बच जाएगा और अंततः भारतीय अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। विदेशियों में भारत आकर वेडिंग करने का ट्रेंड नहीं है, वे अपने मुल्क के प्रति सचेत होते हैं। दरअसल, भारतीयों में विदेशी वस्तुओं व जगहों को लेकर अजीब आकर्षण है, कुछेक समृद्ध लोगों में स्वदेशी वस्तुओं, जगहों और भाषाओं के प्रति उदासीन भाव हैं, वे विदेश में व विदेशी वस्तुओं पर खर्च कर अपने अहं को तुष्ट करते हैं। एक अनुमान के मुताबिक विदेशी सामान, विदेशी विक्रेताओं से खरीदने के चलते करीब 11 लाख करोड़ रुपये विदेशी कंपनियां भारत से मुनाफा के रूप में ले जाते हैं। भारतीयों में अगर स्थानीय, मेड इन इंडिया उत्पादों के प्रति भावना जाग जाए, तो विदेशी कंपनियों को जाने वाले मुनाफे देश में ही रह सकते हैं। भारतीय अपनी खरीदारी की आदत बदल कर हर वर्ष सात से आठ लाख करोड़ रुपये विदेश जाने से बचा सकते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी इसलिए वोकल फॉर लोकल पर जोर देते हैं। हाल ही में पीएम ने लक्षद्वीप के समुद्र तट की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा किया तो, मालदीव परेशान हो गया। पीएम ने रामेश्वरम स्थित रामसेतु के पास की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की है। पीएम की कोशिश है कि लोग देश के अंदर ही खूबसूरत जगह पर घूमने जाएं। भारतीय हर वर्ष मालदीव, इंडोनेशिया, थाईलैंड, यूरोप, अमेरिका आदि देशों के टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स पर घूमने पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं। अगर लोग देश के अंदर मौजूद टूरिस्ट जगहों पर भी जाएं, तो स्वदेशी पर्यटन को मजबूती मिलेगा। इन सबका फायदा अर्थव्यवस्था को होगा। भारत में हर वर्ष करीब 800 से 1000 फिल्में बनती हैं, जिनकी शूटिंग्स पर करोड़ों खर्च होते हैं। इनमें से बहुत सारे शूटिंग्स विदेशी लोकेशन्स पर होते हैं। अगर हमारे फिल्म निर्माता भारत के खूबसूरत लोकेशन्स पर फिल्मों की शूटिंग्स करें, तो भारतीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और देश में पैसे खर्च होने से घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बहुत से ऐसे छोटे-छोटे कदम हैं, जिनसे देश की तरक्की को पंख लग सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 नवम्बर को अपने मन की बात कार्यक्रम में भी विदेशों में की जाने वाली डेस्टिनेशन शादियों पर चिंता जताई थी और लोगों से भारत में ही शादी करने की अपील की थी। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स का मानना है कि देश में ही डेस्टिनेशन शादियां हों तो भारतीय अर्थव्यवस्था में एक संभावित बदलाव लाने की पहल हो सकती है। भारत में खूबसूरत जगहों की भरमार है, सौ से अधिक शहरों में करीब दो हजार से अधिक स्थान हैं, जहां डेस्टिनेशन वेडिंग आयोजित किए जा सकते हैं। कैट ने व्यापारियों और नागरिक समाज के बीच भारत के डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करने के लिए एक अभियान भी शुरू किया है। वेड इन इंडिया से आर्थिक राष्ट्रवाद मजबूत होगा।

आस्था का उत्कर्ष है राम मंदिर

> राम हमारी आस्था के सर्वोच्च शिखर हैं, आराध्य हैं। हमारी जीवनशैली, सामाजिकता, संस्कृति, शासन व्यवस्था में ही नहीं हर भारतीय की रग-रग में भगवान राम समाए हुए हैं। भारतीय संविधान की मूल प्रति में भगवान श्री राम का चित्र अंकित है। संविधान में जहां नागरिकों के मौलिक अधिकारों का जिक्र है, वहां श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण के रावण वध के बाद लंका से अध्योध्या लौटने का चित्र है। यही चित्र हमारे संविधान में राम राज्य की भावना को उद्भूत करता है। राम राज्य की कल्पना के साकार होने के इस ऐतिहासिक क्षण के हम सभी साक्षी बन रहे हैं, यह हमारे लिए गौरव की बात है। साथ ही हम सभी के लिए एक ईश्वर प्रदत्त सौगात भी है।

त्रेतायुग से लेकर अब तक सतत रूप से उत्कृष्ट एवं आदर्श शासन प्रणाली के लिए भारत में 'राम राज्य' की संकल्पना सबसे उपयुक्त एवं व्यावहारिक रही है। वही राम राज्य जिसका स्वप्न स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए चल रहे संघर्ष काल में हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी देखा था, किंतु अतीत में देखें तो पाते हैं कि स्वतंत्रता के पश्चात सात दशक तक दुर्भाग्य से राम राज्य की स्थापना को लेकर कोई भी प्रयास नहीं किया गया। लोक कल्याण और सुशासन जैसे शब्द सिर्फ शब्दकोष की शोभा बढ़ाते रहे, व्यवहार में उन्हें लाने में सरकारों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। अब समय बदला है और सोच भी। विगत एक दशक भारत की पुनर्स्थापना के समय रहा है, वस्तुतः स्वतंत्रता के बाद यही वह समय है जब हम राम राज्य की अवधारणा को जमीन पर उतारने जा रहे हैं। अयोध्या में निर्मित प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर राम राज्य की अवधारणा के मूर्त होने का क्षण है। यह हमारी आस्था का उत्कर्ष तो है ही इसके साथ-साथ हमारी शासन व्यवस्था में भी सर्वोच्च होने का प्रतीक है। प्रभु श्री राम की जन्मभूमि पर उनका भव्य मंदिर बने इसके लिए पांच सौ से अधिक वर्षों का लंबा संघर्ष काल बीता है। हजारों कार सेवकों, साधु-संतों, सनातनियों ने अपना बलिदान दिया है। यह हमारी पीढ़ी का सौभाग्य है कि हम भव्य राम मंदिर के स्वप्न को अपनी आंखों से साकार होते देख रहे हैं।

छह दिसंबर 1992 को बाबरी ढांचा गिराए जाने के पहले और बाद की भी लंबी संघर्ष की कहानी है। यद्यपि नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट के एतिहासिक निर्णय के बाद यह विवाद स्वतः समाप्त हो चुका है कि भगवान श्री राम का जन्म अयोध्या में उसी स्थान पर हुआ था जहां राम मंदिर था और बाद में उसे तोड़कर बाबरी ढांचा बना दिया गया, किंतु प्रासंगिकता को देखते हुए इसके एतिहासिक और पौराणिक साक्ष्यों पर एक दृष्टि नितांत आवश्यक है। सर्वोच्च न्यायालय ने राम मंदिर को लेकर दिए अपने 1045 पन्ने के ऐतिहासिक फ़ैसले में कई किताबों और दस्तावेजों का जिक्र किया है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में वृहत धमोत्तर पुराण का जिक्र है, जिसके अनुसान अयोध्या सात पवित्र नगरियों में से एक है, इसके अनुसार-अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांचि, अवन्तिका। पुरी, द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः। इसी तरह वाल्मीकि रामायण से लेकर स्कंद पुराण तक में अयोध्या नगरी और श्री राम के वहां जन्म होने का वर्णन है। यहां तक कि अकबर के शासन काल के दौरान अबुल फजल द्वारा लिखी गई आईने अकबरी में भी अवध का वर्णन करते हुए लिखा गया है कि इस पवित्र नगरी में त्रेता युग में राजा रामचंद्र रहते थे।

अत्युत दुखद विषय यह है कि यहां राजनीतिक कु-इच्छओं और तुष्टिवाद के चलते राम जन्म भूमि पर भगवान राम के मंदिर की राह में कई वर्षों तक रोड़े अटकाए गए। 1853 में नवाब वाजिद अली शाह के शासन से रामलला की जन्मभूमि पर पूजा को रोकने का शुरू हुआ सिलसिला कई दशकों तक चला है। अंग्रेजों ने अपनी फूट डालो और राज करो नीति के तहत राम मंदिर विवाद को सबसे ज्यादा गहराया और मंदिर के भीतर रामलला की पूजा नहीं होने दी।

1950 में राम जन्मभूमि को लेकर शुरू हुई कानूनी लड़ाई 70 के दशक तक चली है। राम जन्म भूमि आंदोलन में भारतभूमि के महान संतों, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और लाखों कार सेवकों का संघर्ष और तप आज स्मरणीय हैं। इस आंदोलन की धुरी बने संत परमहंस रामचंद्र दास, विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल एवं अन्य महापुरूषों का योगदान भी आज याद किया जाना चाहिए।

25 सितंबर 1990 को गुजरात के सोमनाथ से लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में शुरू हुई रथ यात्रा और राम जन्मभूमि आंदोलन राम लला के मंदिर निर्माण के युद्ध का एक शंखनाद था जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब भव्य राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के रूप में पूर्ण हो रहा है। राम मंदिर का निर्माण भाजपा की हमेशा से ही प्राथमिकताओं में शामिल रहा है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ संकल्पशक्ति एवं नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम है कि सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय के बाद संपूर्ण देश एक मन-एक मत से प्रभु श्री राम मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। मोदी ने अपने अटल संकल्प और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है कि जो उन्होंने कहा था वह पूरा करके दिखाया है और इसके साथ ही देश के करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक और चिरप्रतीक्षित राम मंदिर का निर्माण पूरा हुआ है।

राम हमारी आस्था के सर्वोच्च शिखर हैं, आराध्य हैं। हमारी जीवनशैली, सामाजिकता, संस्कृति, शासन व्यवस्था में ही नहीं हर भारतीय की रग-रग में भगवान राम समाए हुए हैं। भारतीय संविधान की मूल प्रति में भगवान श्री राम का चित्र अंकित है। संविधान में जहां नागरिकों के मौलिक अधिकारों का जिक्र है, वहां श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण के रावण वध के बाद लंका से अध्योध्या लौटने का चित्र है। यही चित्र हमारे संविधान में राम राज्य की भावना को उद्भूत करता है।

अयोध्या तो इस समय वैश्विक पटल पर छाया ही हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकास भी विरासत भी' ध्येय वाक्य पर चलते हुए वाराणसी में 'काशी कॉरिडोर' उज्जैन में 'महाकाल पथ', पवित्र चारधाम केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री को हर मौसम में निर्बाध सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 900 किलोमीटर लंबी चारधाम सड़क परियोजना, सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण परियोजना, धार्मिक स्थलों के लिए बेहतर रेल एवं हवाई मार्ग की कनेक्टिविटी जैसे कई कार्यों ने एक नया परिदृश्य निर्मित किया है।

अयोध्या के राजा के रूप में प्रभु श्री राम ने जिस आदर्श शासन व्यवस्था की नींव रखी थी, सदियों से हम उसे 'राम राज्य' के रूप में आत्मसात कर अनुकरण कर रहे हैं। राम मंदिर का निर्माण पूरा करके और भगवान राम को वहां विराजमान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल राम मंदिर के स्वप्न को साकार करने का भगीरथी कार्य किया है, अपितु समदर्शी, सर्वस्पर्शी, लोककल्याणकारी शासन शैली के माध्यम से राम राज्य की पुनर्स्थापना का भी कार्य किया है। यह संयोग ही है कि स्वतंत्रता के अमृतकाल में हमें नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा सशक्त, संकल्पवान और संवेदनशील नेतृत्व मिला है, जिन्होंने एक दशक में राष्ट्र पुनर्रुत्थान के कई नए आयाम स्थापित किए हैं जो उल्लेखनीय ही नहीं बल्कि अनुकरणीय भी हैं। राम राज्य की कल्पना के साकार होने के इस ऐतिहासिक क्षण के हम सभी साक्षी बन रहे हैं, यह हमारे लिए गौरव और सौभाग्य की बात तो है ही साथ ही यह हम सभी के लिए एक ईश्वर प्रदत्त सौगात भी है।

आस्था

सुरेश जैन

गुरुकुल और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में श्रीराम

श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम का जीवन समाज के लिए आदर्श है। उनकी शिक्षा गुरुकुल में होती है। बाबा तुलसी के शब्दों में गुरु गृह पढ़न गए रघुराई, अल्पकाल विद्या सब पाई। श्रीराम चक्रवर्ती सम्राट के बेटे हैं, किन्तु वे शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरु वशिष्ठ के गुरुकुल में जाते हैं। इस व्यवस्था का व्यक्तित्व निर्माण पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वे दूसरे विद्यार्थियों की तरह ही रहते हैं। गुरुकुल में परा और अपरा दोनों तरह की शिक्षा ग्रहण की जाती है। परा विद्या में शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद, नक्षत्र, वास्तु, आयुर्वेद, वेद, कर्मकांड, ज्योतिष, सामुद्रिक शास्त्र, हस्तरेखा एवम धनुर्विद्या शामिल है। इससे उनकी समझ, अनुभव, विवेक, विचारशीलता और सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने की पृष्ठभूमि तैयार होती है। ऐसे ही पाठ्यक्रमों की परिकल्पना राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में की गई है। इसमें मुख्य विषय के अलावा आनुषांगिक विषयों को भी पढ़ाए जाने के लिए पाठ्यक्रम बनाए गए हैं। गुरुकुल में भी इसी तरह की व्यवस्था है, उनके मूल विषय के रूप में कूटनीति और धनुर्विद्या जैसे विषयों को पढ़ना अनिवार्य है, ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। गुरुकुल में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि विद्यार्थी के लिए जितना महत्वपूर्ण उसका औपचारिक अध्ययन है, उतना ही महत्वपूर्ण आसपास का परिवेश है। उस परिवेश के माध्यम से छात्रों में आत्मनिर्भरता, अनुशासन, समय प्रबंधन, सामाजिक सामंजस्य की कला और नेतृत्व के गुण आते हैं। शिक्षा की पूर्णता में दोनों ही समान रूप से आवश्यक है। विष्णु पुराण में कहा गया है-तत्कर्म यन्न बन्धाय सा विद्या या विमुक्त, आयासाय परम कर्म विद्यान्या शिल्प नैपुणम अर्थात कर्म वही है, जो बंधन में न बांधे और विद्या वही है, जो मुक्त करे। गुरुकुल में राम को दी जाने वाली विद्या मुक्ति देने के लिए दी जाने वाली शिक्षा है। मुक्ति का अर्थ सामाजिक जीवन की कुरीतियों से मुक्ति। अंधविश्वास से मुक्ति। ऊंच-नीच के मनोभाव से मुक्ति। अवैज्ञानिक सोच से मुक्ति। स्वार्थ और जड़ता से मुक्ति। हर तरह के अहंकार से मुक्ति। विद्या के बारे में कहा गया है-विद्या ददाति विनयं, विनयाद्याति पात्रताम। विद्या विनय देती है। उससे पात्रता विकसित होती है। व्यक्ति उतना ही सीख पाता है, जितनी उसकी पात्रता होती है। जिसकी पात्रता जितनी व्यापक होती है, उसका व्यक्तित्व भी उतना ही व्यापक होता है। सागर जैसा व्यापक होने के लिए उसके जैसी व्यापक विनम्रता और शांत चित्त की आवश्यकता होती है। श्रीराम गुरुकुल जाकर इसी विनम्रता को आत्मसात करते हैं, जो उनके व्यक्तित्व को सागर जैसा विस्तार देती है, जिसके लिए नर-वानर में कोई भेद नहीं। गुरुकुल में आत्मसात किए गए इन सभी सद्गुणों का असर श्रीराम के जीवन पर परिलक्षित होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि आरंभिक शिक्षा मातृभाषा में हो, शिक्षा में भारतीय मूल्यों और चरित्र निर्माण पर विशेष जोर हो। शिक्षा समावेशी हो। राम के गुरुकुल की शिक्षा प्रकृति के नैसर्गिक परिवेश में दी जाती है। बटुक कठिन परिस्थितियों में भी जीवन-यापन के गुर सीखता है। स्वतंत्र भारत में गठित विशेषज्ञ समितियों की एकमत राय रही है कि शिक्षा भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में भी इस पर बल दिया गया है। राम के गुरुकुल में शिक्षा और संस्कार इस तरह से एकरूप हैं कि उन्हें अलग नहीं किया जा सकता। संस्कार, शिक्षा पर आधारित हैं और शिक्षा संस्कारों की आधारशिला है। इस माध्यम से विद्यार्थियों को संस्कारमय बनाकर उन्हें आदर्श मानव बनाना ही शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य है। राम द्वारा गुरुकुल में प्राप्त की गई शिक्षा उन्हें नेतृत्व की अद्भुत क्षमता देती है। अपने राज्य से दूर जहां पर उन्हें कोई जानने वाला नहीं है, वहां पर वे स्थानीय लोगों को एकजुट करते हैं

भगवान के चरणों में अर्पित करना ही ज्ञान

संकलित

दर्शन

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे।

सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें

संकलित

प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

राम मंदिर

अयोध्या में रविवार को राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर जारी अंदर का दृश्य।

आज की पाती

अयोध्या जरूर जाएंगे

भगवान श्री राम का नाम लेते ही मानसिक शांति मिलती है। वह सनातन धर्म या भारत के लिए ही आदर्श नहीं हैं, बल्कि सारी दुनिया के लिए हैं। उनकी जन्मभूमि अयोध्या में लगभग 500 वर्ष बाद उनका जो भव्य मंदिर बन रहा है और वहां 22 जनवरी को राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, उसकी खुशी जाहिर करने के लिए जो तैयारियां चल रही हैं उन्हें देखकर लग रहा है कि दीपावली का त्योहार आने वाला है। हमारे देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों में रह रहे राम भक्त भी खुशी जाहिर कर रहे हैं। 22 जनवरी को जब अयोध्या में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होना है, तब हमें अयोध्या जाने की बजाय अपने-अपने घर पर ही इसकी खुशी मनानी चाहिए। - *सतीश उपाध्याय, बिलासपुर*

ट्रेंड

सस्ती दवाइयों से पैसे बचे

आयुष्मान भारत योजना की वजह से 6 करोड़ से अधिक लोग अस्पताल में मुफ्त इलाज करवा चुके हैं। 10 हजार जन औषधि केंद्र भी खोले हैं, जहां 80% डिस्काउंट पर दवाइयां मिल रही हैं। सस्ती दवाइयों से गरीब के 30,000 करोड़ रुपये बचे हैं।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

तत्काल युद्धविराम का आह्वान

गाजा में लोग न केवल बम और गोलियों से, बल्कि भोजन, साफ पानी की कमी और बिजली और दवा के बिना भी मर रहे हैं। ये रुकना चाहिए। मैं तत्काल युद्धविराम और सभी बंधकों की तत्काल बिना शर्त रिहाई के आह्वान से पीछे नहीं हटूंगा।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

भाग्य आपके नियंत्रण में है

परमानंद नियंत्रण से बाहर जाने जैसा है लेकिन सचेत रूप से। जब आप जानते है कि सचेत रूप से नियंत्रण से बाहर कैसे जाना है, तो आप हर चीज पर पूरी तरह नियंत्रण में हैं। आपके जीवन का भाग्य आपके नियंत्रण में है। -सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

भ्रष्ट मुख्यमंत्री के चर्चे

भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री के चर्चे असम में हर ज़बान पर हैं, पर भ्रष्टाचार के इस पेड़ की जड़ दिल्ली में है। मुख्यमंत्रियों का काम राज्य के संसाधनों को निचोड़ कर चढ़ावा दिल्ली दरबार में अर्पित करना है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

करंट अफेयर

इजराइल-हमास युद्ध में 25 हजार फलस्तीनी हुए मृत

इजराइल और हमास के बीच तीन महीने से अधिक समय से जारी युद्ध में 25,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हुई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किद्रा के अनुसार, पिछले 24 घंटे में गाजा के अस्पतालों में कम से कम 178 शव और लगभग 300 घायल लाए गए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इजराइल-हमास युद्ध में महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक पीड़ित हैं। सात अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर अचानक हमला कर करीब 1200 लोगों को मार डाला था,

ऑफ बीट

बच्चे को जेब खर्च कब और कितना दें

बच्चों को जेब खर्च (पॉकेट मनी) देना परिवारों के लिए वास्तव में एक चुनौतीपूर्ण निर्णय हो सकता है। यह सवाल उठाता है कि बच्चों को जेब खर्च देना कब शुरू करना चाहिए और कितना देना चाहिए। एक अहम सवाल यह भी है कि क्या बच्चों को घरेलू कामकाज करने के ऐवज में जेब खर्च देना चाहिए। एक वित्त शोधकर्ता और अभिभावक के रूप में, जेब खर्च को एक शैक्षिक अवसर के रूप में देखना भी महत्वपूर्ण है।

संक्षेप

सुल्तानपुर में घर से लापता हुआ अधेड़

गश्त करती पहुंची पुलिस को चौराहे पर मिला शव, शराब का आदी था मृतक

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में घर से लापता अधेड़ का शव सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में पाया गया। पुलिस ने परिवार वालों को सूचित करते हुए शव को पोस्टमार्टम में भेजा है। मामला गोसाईगंज थानाक्षेत्र के अरवल कीरी करवत गांव का है। अरवल कीरी करवत गांव निवासी दिनेश चंद पाण्डेय (45) पुत्र स्व. राज पाण्डेय किसी व्यक्ति के साथ बाइक से गुरुवार को घर से निकले थे। देर शाम तक वे घर नहीं लौटे तो परिवार वालों ने इधर उधर तलाश किया। जब कोई जानकारी नहीं हुई तो परिवारीजनों ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस तलाश कर रही थी कि कूरेभार के फुलौना चौराहे के पास वो संदिग्ध अवस्था में मृत पाया गया। पुलिस ने इसकी सूचना मृतक के भाई को दी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। भाई बेटे रात में ही मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिवार वालों के समक्ष शव का पंचायतनामा भरा और शव पोस्टमार्टम में भेजा है। मृतक के भाई ने बताया कि दिनेश शराब का नशा करता था। परिवार में मृतक की पत्नी सुमित्रा पाण्डेय, पुत्र विपिन पाण्डेय, विवेक पाण्डेय आदि का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है। थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा ने बताया की प्रथम दृष्टया शराब अत्यधिक पीने से मौत हुई है ऐसा प्रतीत हो रहा है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पाकिस्तान के शारदा पीठ से पहुंचा जल

पीओके के मुस्लिमों ने तीन पवित्र नदियों का भेजा जल; रामलला का होगा अभिषेक

अयोध्या, राम मंदिर में रामलला का 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होगी। रामलला के अभिषेक के लिए देशभर से पवित्र जल एकत्र किया गया है। इसमें पाक अधिकृत कश्मीर पीओके से तीन नदियों का जल रहेगा। कर्नाटक के रहने वाले और सेवा शारदा पीठ के सक्रिय सदस्य मंजूनाथ शर्मा ने आज तीनों पवित्र नदियों का जल को ट्रस्ट को सौंपा दिया है। मंजूनाथ शर्मा ने बताया, भारत देश में सात नदियों का महत्व है। जिसका वर्णन पुराणों में भी मिलता है। गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु॥ इन नदियों का जल लेकर अयोध्या आया हूं। इसमें सरस्वती, सिंधु, कावेरी का जल है। जिसे ट्रस्ट को सौंपा गया है। सेवा शारदा समिति पाकिस्तान के मुस्लिमों से संपर्क करके जल को दुबई से होते हुए मुंबई लाया गया। जहां से जल को श्रृंगेरी शारदा पीठ पर लाया गया।इसके बाद इसे लेकर अयोध्या आए है। मंजूनाथ शर्मा ने बताया, जल को श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट का सौंप दिया गया है। जिससे रामलला का अभिषेक किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह हमारे के लिए काफी सौभाग्य का दिन है कि हजारों साल बाद भगवान रामलला अपने घर में विराजमान होने जा रहे है। शारदा पीठ पीओके में है।

श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में पृथ्वी पुरवा में आयोजित हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही भाजपा नेत्री शांति रावत

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिससे सनातन धर्म प्रेमियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। इसी क्रम में बलहा विधानसभा के ग्राम पंचायत झाला के पृथ्वी पुरवा गांव में श्री राम जन्मोत्सव यात्रा निकाली गई जो पूरे गांव में भ्रमण कर जय श्री राम का उद्घोष किया गया। कार्यक्रम के समापन पर हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री व मंडल मंत्री शांति रावत ने जय श्री राम का उद्घोष करते हुए कहा कि आज का यह दिन बहुत ही

स्वर्णिम है जो हमारे रामलला मंदिर में विराजमान हुए हैं इस दिन का इंतजार हम सबको इंतजार था । कार्यक्रम में भ्रमण के दौरान जरूरतमंदों को कंबल भी बांटे गए। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को श्री नवदुर्गा पूजा समिति की ओर से माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया साथ ही शाम को घर-घर में दीपोत्सव कर हर घर को अयोध्या बनाने की चर्चा हुई । इस मौके पर भाजपा नेता उमेश प्रताप सिंह, डॉ सन्तोष कुमार रावत,समाजसेवी राम जियावन बहेलिया, ब्रह्मनंद मौर्य, सुकई मौर्य, रामदयाल मौर्य ,रामसागर गुप्ता ,राजेंद्र मौर्य पूर्व प्रधान ,मोतीलाल ,सुशील देवनारायण मौर्य, सतीश कुशवाहा , अयोध्या प्रसाद,सहित काफी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

पुलिस व एसएसबी ने 18 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

भारत नेपाल सीमा पर पुलिस एसएसबी की सक्रियता से मिली सफलता

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर 18 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को पुलिस व एसएसबी के जवानों ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। थाना मुर्तिहा क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा पर स्थित ग्राम पंचायत घुमना भारु के पास से 18 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अक्षय लाल पुत्र सौदागर उम्र 46 वर्ष निवासी गंगापुर व तिलकधारी पुत्र पति राम उम्र 27 वर्ष निवासी पारसी पुरवा मधवापुर कोतवाली मुर्तिहा के रूप में हुई। थाना अध्यक्ष मुर्तिहा अमितेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में दो अभियुक्तों को 18 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्ति के ऊपर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है । गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शंभूनाथ सिंह, हेड कांस्टेबल राज नारायण, विनोद कुमार, सिपाही अमित यादव व एसएसबी के निरिक्षक सुग्रीव प्रसाद व उनकी टीम शामिल रही।

168 वर्ष पुरानी प्राचीन काल की मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज मुख्यालय से चंद कदम की दूरी पर स्थित मांधातापुरवा नेशनल हाईवे के समीप माता राम जानकी प्राचीन मंदिर का अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन नव जीर्णोद्धार किया गया। यह कैसरगंज कस्बे की बहुत ही पुरानी और प्राचीन काल की मंदिर है जिसमें लोग सैकड़ो साल पहले इसी मंदिर में पूजा अर्चना करते थे। यह मंदिर मांधातापुरवा के अवनीस सिंह निवासी के गांव के पूर्वजों ने इसे बनवाया था। तब उस जमाने में यह एक इकलौती मंदिर हुआ करती थी। बहुत ही घने जंगल के बीच में यह मंदिर आबाद है, लेकिन कई सालों से घने जंगल होने की वजह से इस मंदिर तक लोगों का आना-जाना बंद हो गया था लेकिन गांव के लोगों द्वारा विशेष रूप से इस कार्य को अंजाम दे रहे युवा समाजसेवी अवनीस सिंह की मेहनत से महज दो दिन के अंदर नेशनल हाईवे से रास्ता पटवाया गया। बिजली लाइट की व्यवस्था की गई. लाइट के खंभे लगाए गए और मंदिर की साफ सफाई करके पूरी व्यवस्था की गई। सोमवार के दिन सुबह से ही राम भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया गया जिसमें कैसरगंज गांव के लोग काफी भीड़ में एकत्रित हुए और राम भजन सुन प्रसाद भी ग्रहण किया। प्राचीन मंदिर को देखने के लिए काफी लोगों के भीड़ पूरे दिन भर जमा रही। कार्यक्रम संयोजक अवनीश सिंह ने बताया कि इस मंदिर को रंग रोशन का काम अंजाम दिया जाएगा। साफ-सफाई की बेहतर किया जाएगा। इस मौके पर कैसरगंज क्षेत्र के सम्मानित लोग काफी संख्या में पहुंचे और इलाके के काफी नागरिकों की भीड़ देखने को मिली।

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर निकाली गई राम रथ शोभा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज ब्लॉक के अंतर्गत नकौड़ा में स्थित मंदिर से बिमला बाल देवी विद्या मंदिर स्कूल प्रबंधक शैलेंद्र विक्रम सिंह व बेनी माधव सिंह सहित जगदीश सिंह की अध्यक्षता में वैदिक मंत्रों के साथ हवन पूजन करके राम रथ शोभा यात्रा निकाली गई जो नकौड़ा से चलकर बाबा सुन्दर दास उदासीन दरबार कुंडासर पहुंची। इस भव्य शोभा यात्रा में डीजे बाजे के साथ नाचते गाते हुए राम भक्तो ने जय श्री राम जय का जयकारा लगाया इस भव्य शोभा यात्रा कार्यक्रम में भगवानदीन, ईश्वरचंद गुप्ता, रामराज वर्मा, राम रुप गुप्ता, कौशलेंद्र विक्रम सिंह, राजेश मिश्रा, बिरेंद्र विक्रम सिंह, मुन्ना सिंह, राम धीरज वर्मा क्षेत्र पंचायत सदस्य,दिलीप कुमार मिश्रा, सहित तमाम भक्त गण मौजूद रहे।

जगह जगह अयोजित हुआ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

अनिल सिंह ने भक्तों को अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कुंडासर में श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापना के लिए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया आचार्य पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों से भव्य तरीके से प्राण प्रतिष्ठा करवाया गया कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक रहे बिर्जेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना भय्या ने हनुमान जी की प्रतिमा से आंख से पट्टी हटाकर पूजा अर्चना की। मंदिर के आयोजक पूर्व प्रधान अनिल सिंह ने सभी आये हुए भक्तों का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।फखरपुर थाना अध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने मंदिर में आकर पूजा अर्चना की।कार्यक्रम का संचालन राजकमल गुप्ता ने किया।इस मौके पर शिवा जी पाण्डेय,मदन पाण्डेय, पंकज पटवा, राधेश्याम, अजय कौशल, घनश्याम सिंह, अलोक सिंह समेत तमाम भक्त गण मौजूद रहे. गजाधरपुर के ग्राम मकनी पुरवा में शंकर जी की मूर्ति स्थापना कराई गई जिसमें ग्रामीणों ने भव्य यात्रा निकाली इस मौके पर ताराचंद लोधी बब्बू वर्मा भारत वर्मा प्रेमचंद लोधी बाबू वर्मा रामराज वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

श्रीराम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी शोभा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। अयोध्याधाम भगवान श्रीराम मंदिर में हो रहे भव्य प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गयी है। इसी के साथ कस्बा बाबागंज, रूपईडीहा, बसभरिया, बरगदहा, जमोग सहित गंगापुर मंदिर से करीब सैकड़ो मोटरसाइकिल के साथ ट्रैक्टर ट्राली पर डी जे रख कर चार सौ ग्रामीण पैदल निकल कर जय श्री राम के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया है, और यह रैली गंगापुर से चलकर बलदेवदास बाबा (जमोग)पंहुची इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक नीलाम्बुज पाण्डेय (अजय) नें मंदिर में दीप प्रज्जवलित करके सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया,वहीं इस मौके पर भाजपा मंडल मंत्री (रुपैडीहा) के योगेश पाण्डेय और ओम प्रकाश प्रजापति, पंकज पाण्डेय, आर पी सिंह के साथ समस्त ग्रामीण इकट्ठा होकर रैली में शामिल हुये।

राम दरबार और अन्य मूर्तियों की हुई प्राण प्रतिष्ठा

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज क्षेत्र के उमरी ग्राम में आज कुलदेवी के प्राचीन मंदिर में राम दरबार मां दुर्गा और मां सरस्वती की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गयी।

यह आयोजन आश्रम अशर्फी भवन अयोध्या के पंडित आचार्य गोनदन गणेश, राम गोपाल शास्त्री,आचार्य सदानंद शास्त्री व पवन शास्त्री द्वारा संपन्न कराया गया। यह आयोजन में राजकुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, पंकज सिंह, भानु प्रताप सिंह, नितेश सिंह, धर्मवीर सिंह, राम मोहन सिंह आदि ने विशेष रूप से सहयोग दिया। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सारा वातावरण भक्तिमय हो गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और प्रभु राम सहित अन्य देवी देवताओं की भक्ति में भजन और कीर्तन किया।

चपरासी-सफाईकर्मी की खडइ के लिए पहुंचे पीजी स्टूडेंट

सुल्तानपुर में शिक्षा विभाग ने निकाली 11 हजार की नौकरी, बच्चे संग पहुंची महिला, दिखी बदइंतजामी

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में शिक्षा विभाग ने चपरासी और सफाईकर्मी की पोस्ट निकाली है। शुक्रवार को 11 हजार रुपए की जॉब के लिए दुधमुंहे को लेकर गैर जनपद से एक महिला इंटरव्यू देने पहुंच गई। बेरोजगारी ऐसी कि ग्रेजुएट और पीजी के स्टूडेंट आउटसोर्सिंग के जरिए चपरासी और चौकीदार बनने पहुंचे। लेकिन यहां बदइंतजामी ऐसी कि चपरासी बनने के लिए ग्रेजुएट लोगों ने हल्ला मचाया तब जिम्मेदारों ने गेट खोले। नगर के घासीगंज के निकट बेरोजगारों का मजमा लगा रहा। प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, कौशांबी जिलों से आये सैकड़ों बेरोजगारों ने इंटरव्यू दिया। प्रयागराज के दशरथ, शिव कुमार, अशोक, रेणुका आदि ने बताया कि वह पोस्ट ग्रेजुएट हैं। साथ में बेरोजगार भी। जीवनयापन करने के लिए चपरासी की नौकरी भी करने में कोई गुरेज नहीं है। इंटरव्यू बेहद वीरान और सन्नाटे वाले स्थान पर हुआ।लोग किसी तरह पयागीपुर के रास्ते बैटरी रिक्शे से पहुंचे। फिर उन्हें लोको कालोनी के जोखिम भरे रेलवे पटरी को पार करके आना पड़ा। यहां मैदान में सरसरी ठंढी हवा भी चल रही थी। सुबह नौ बजे ही बेरोजगारों की भीड़ काफी संख्या में जुट गई थी।लेकिन उन्हें बैठने के लिए कोई स्थान नहीं था न लघुशंका करने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था। सुबह इंटरव्यू के लिए लिस्ट चस्पा होने की सूचना थी लेकिन इंटरव्यू देने वाले लोकल कर्मी ही देरी से आये जिससे लिस्ट तय समय सीमा के बाद दीवार पर लगी। इस बीच दूर से आये अभ्यर्थियों ने काफी हो हल्ला भी मचाया। जिससे घबराकर करीब घंटे भर बाद 12 बजे गेट खोला गया। इधर लिस्ट में चस्पा आफिस के नंबर पर जब परेशान अभ्यर्थियों ने फोन किया तो किसी भी नंबर पर फोन नहीं उठा। कई युवक तो दो दिनों से सुल्तानपुर में आकर रुके हैं जिन्हें आउटसोर्सिंग कम्पनी के लोगों ने कोई सूचना नहीं दी।

जिससे वह बेहद परेशान दिखे। बताते चलें कि माध्यमिक शिक्षा विभाग में चपरासी और सफाई कर्मी की भर्ती के लिए तकरीबन आधा दर्जन जनपदों से अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए आए थे। बेरोजगारी का आलम यह रहा कि प्रयागराज से इस ठंड भरे मौसम में एक महिला अभ्यार्थी रचना सिंह अपने दुधमुंहे बच्चे को लेकर यहां पहुंची थी। अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक स्कूलों में अब आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारियों को नौकरी पर रखा जा रहा है।

अम्बेडकरनगर में भजन से अनूप जलोटा ने बांधा समा

- कहा- अब ठाठ से रहेंगे राम जी, अयोध्या-काशी के बाद अब मथुरा की बारी है

अमन लेखनी समाचार

अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में भजन गायक अनूप जलोटा ने कहा कि 500 सालों का इंतजार खत्म हो रहा है।रामलला जो अभी टाट में रह रहे हैं वो अब ठाट से रहने लगेंगे। उन्होंने कहा कि काशी बदली, अयोध्या बदली। अब मथुरा की बारी है। प्रधानमंत्री अयोध्या तक ही आराम नही करेंगे। अब इसके बाद मथुरा पर उनकी नजर है। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर और 22 जनवरी को होने वाले श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी को लेकर जिले में शुक्रवार रात अवध में राम सांस्कृतिक भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय भजन गायक अनूप जलोटा ने अपने गायन से समा बांधा। इस दौरान उन्होंने कहा कि कल भगवान राम की नगरी में पहुंचने वाले हैं। अम्बेडकरनगर में इसका रिहर्सल हो जाएगा।

बहुत प्रेम है यहां के लोगों में। भजन, गजल, गीतों को सुनाएंगे और फिर अयोध्या नगरी को जाएंगे। 500 वर्षों से देशवासी इंतजार कर रहे थे कि कब ये मंदिर बने। रामलला जो अभी टाट में रह रहे हैं, वो अब ठाठ से रहने लगेंगे। काशी बदली, अयोध्या बदली।

बांदा में शिक्षकों ने काले कपड़े पहनकर मनाया ब्लैक-डे

बोले- सामूहिक विवाह में वधू को सजाने के लिए शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगाना, गरिमा के खिलाफ

अमन लेखनी समाचार

बांदा, शिक्षिकाओं की ड्यूटी सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वधू को सजाने के लिए लगाई गई थी। जिसको लेकर गुरुवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षिकाओं की गरिमा के विरुद्ध उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। जिसके विरोध में शिक्षक और शिक्षिकाओं ने ब्लैक कपड़े पहनकर ब्लैक डे मनाया और कहा कि इस तरह की ड्यूटी कभी नहीं लगाई जाए। गुरुवार की शाम बीएसए कार्यालय में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बीते दिनों शिक्षिकाओं की ड्यूटी सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वधू को सजाने, प्रवेश द्वार में स्वागत करने, वधुओं को वेदियों तक ले जाने की ड्यूटी लगाई गई थी। जिसकी वजह से शिक्षिकाएं अपमानित महसूस कर रही है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने बताया की जो ड्यूटी लगाई गई थी, वह सही नहीं है। ऐसे में शिक्षिकाओं का मनोबल गिरता है। जबकि शासन और प्रशासन के सभी निदेर्शों का पालन करती है।

चोटी से रामरथ खींचकर अयोध्या जा रहे बाबा बद्रीनाथ

- 500 किमी की यात्रा कर अयोध्या की सीमा पर पहुंचे, लोगों ने किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

मिल्कीपुर, अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्तों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। राम भक्त अयोध्या पहुंचने के लिए अलग-अलग अनोखे कदम उठा रहे हैं। वहीं मध्य प्रदेश के रामभक्त बाबा बद्रीनाथ अपनी चोटी से रामरथ खींचते हुए प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अयोध्या जा रहे हैं। साल 1992 में की गई अनोखी प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश के जनपद दमोह के बटियागढ़ गांव के संत सिर की चोटी से राम रथ खींचते अयोध्या के लिए पैदल निकल पड़े हैं। 500 किलोमीटर की दूरी तय कर संत बद्रीनाथ शनिवार को अयोध्या जनपद की सीमा के नगर पंचायत कुमारगंज पहुंचे। जहां हिंदू संगठनों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रथयात्रा लेकर चल रहे बद्रीनाथ बाबा कुमारगंज के खण्डासा मोड़ पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह मध्यप्रदेश के जनपद दमोह के बटियागढ़ से 11 जनवरी को सिर की चोटी में रस्सी से रथ बांधकर पैदल निकले थे। बद्रीनाथ बाबा ने कहा कि हम अभी तक 500 किलोमीटर की यात्रा तय कर यहां तक पहुंचे हैं। अब यहां से अयोध्या की दूरी 40 किलोमीटर है। इस दूरी को भी तय कर समय से अयोध्या पहुंच जाएंगे। हर जगह उन्हें भरपूर प्यार और स्नेह मिल रहा है। जिससे उनके अंदर एक नई ऊर्जा का संचार होता है। कई सौ वर्षों तक भगवान तिरपाल में रहे हैं। अब भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होने पर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस पुनीत कार्य में अहम योगदान बताया। रथ में राम, जानकी, लक्ष्मण व हनुमान की प्रतिमा लेकर चल रहे हैं। इस मौके पर हलियापुर प्रधान गब्बर सिंह, कुमारगंज बाजार मालिक विजय कुमार उपाध्याय, व्यापारी नेता बैजनाथ वैश्य,अनुपम कौशल, नीरज, राणा प्रताप सिंह, शशांक पाण्डेय, भानु गोस्वामी, शिवा जायसवाल, दुर्गेश, रवि अग्रहरि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

मेरठ में एसएसपी आवास के निकट छात्र पर हमला

अज्ञात हमलावरों ने किया बीच सड़क पीटा, पुलिस घटना के बाद आरोपियों की तलाश में जुटी

मेरठ, मेरठ सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले 12वीं के छात्र पर अज्ञात हमलावरों ने लालकुर्ती थाना क्षेत्र स्थित एसएसपी आवास के निकट 16 जनवरी को धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। वही घटना निकट ही मौजूद आइसीआइसीआइ बैंक पर लगे कमरों में कैद हो गई थी। गंभीर रूप से घायल छात्र को थाना पुलिस ने जिला अस्पताल भर्ती कर दिया था। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित के परिवार वालों ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस अज्ञात हमलावरों की तलाश करने में नाकाम रही है। शुक्रवार को पीड़ित कैमरों की फुटेज लेकर एसएसपी ऑफिस पहुंचा और अज्ञात हमलावरों पर कार्यवाही की मांग की है। भावनपुर थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर के रहने वाले हिमांशु पुत्र लोकेंद्र ने बताया कि वह सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज में 12वीं का छात्र है। हिमांशु का कहना है कि 16 जनवरी को वह अपने दोस्त आकाश के साथ स्कूल की छुट्टी होने पर मवाना स्टैंड की ओर पैदल जा रहा था। पीड़ित ने बताया कि जब दोनों दोस्त एसएसपी आवास के कुटी चौराहे पर पहुंचे तभी बाइक और कार से आधा दर्जन अज्ञात युवक आ गए और बिना किसी कारण के हिमांशु पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में हिमांशु गंभीर रूप से घायल होकर घटना स्थल पर ही गिर गया।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मौत का मामला

परिजनों की तहरीर के आधार पर एएनएम के खिलाफ एफआईआर दर्ज, मामले की जांच में जुटी पुलिस

सरधना, रोहटा में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की मौत के मामले में जांच में दोषी करार दी गई एएनएम के खिलाफ पुलिस ने अधिकारियों के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर ही लिया। इसके बाद अब पीड़ित परिजनों ने न्याय मिलने की उम्मीद जताई है। बीते 8 जनवरी को रासना के गांव दमगढ़ी निवासी आंगनबाड़ी कार्यकत्री नईमा की प्रसव पीड़ा के दौरान सरूरपुर में तैनात एएनएम मंजू उर्फ मधु के अवैध डिलीवरी सेंटर पर प्रसव पीड़ा के दौरान मौत हो गई थी। हालांकि यह प्रकरण काफी मीडिया की सुर्खियां बना और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से पीड़ित के मृतक के परिजनों ने शिकायत की थी। जिसके बाद सीएमओ अखिलेश मोहन ने उक्त आरोपी एएनएम को तत्काल प्रभाव से जहां निलंबित कर दिया था। वहीं सरूरपुर से हटकर सरधना अटैच भी कर दिया था। साथ ही तीन सदस्य कमेटी गठित भी की गई थी। उप मुख्य च चिकित्सा अधिकारी कांति प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम 5 दिन पहले ही अपनी रिपोर्ट सीएमओ को सौंप चुकी है।

श्रीराम मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 200 गरीब व निराश्रित लोगों में कम्बल वितरित

श्रीराम का जुड़ाव हमेशा पिछड़ों, दलितों, वंचितों व आदिवासीयों के साथ रहा : रामलक्ष्मण

अमन लेखनी समाचार

बड़हलगंज, गोरखपुर। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर व मां भोना देवी के स्मृति में हिन्दू नेता रामलक्ष्मण ने लोकसभा बांसगांव के गढ़वरामपुर में 200 गरीब व निराश्रित लोगों में कम्बल वितरित किया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री रामलक्ष्मण ने कहा कि हम सभी भारतवासियों के लिए गर्व व उल्लास का क्षण हैं कि भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षो बाद आज अपने घर में आ गये। इस दिन को ऐतिहासिक व राममय बनाने के लिए अपने-अपने घरों में दीपोत्सव का आयोजन करके भगवान श्रीराम का स्वागत करें। आगे उन्होने कहा कि श्रीराम का जुड़ाव हमेशा पिछड़ों, दलितों, वंचितों व आदिवासियों के साथ रहा है। नर सेवा ही असल में नारायण सेवा है। इसलिए गरीबों व बेसहारों की मदद करनी चाहिए, जिस भाव से आज लोगों में यह कम्बल वितरण किया जा रहा है। मोदी योगी सरकार भी अनवरत आमजन के हित में कार्य कर रही है। सरकार की प्रतिबद्धता की देन है कि भगवान श्री राम टेंट से भव्य और दिव्य मन्दिर में विराजमान हो गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेंगई प्रसाद व संचालन जितेन्द्र भारत ने किया। इस अवसर पर रामू निषाद, अमरेश सन्तोष कुमार, मनोज , सुशील कुमार, साहब पासवान, विनोद कुमार, सत्य प्रकाश वर्मा, वीरेंद्र यादव, दीपक, योगेश्वर, छेदी प्रसाद, छोटू निषाद आदि लोग उपस्थित रहें।

परीक्षा देने निकली छात्रा प्रेमी संग फरार

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव की 19 वर्षीय छात्रा शनिवार को दोपहर 12 बजे घर से साइकिल द्वारा परीक्षा देने के लिए निकली थी। परीक्षा का समय समाप्त होने पर देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजन उसे ढूढना शुरू किए। और विद्यालय जाकर जानकारी ली। तो पता चला की छात्रा परीक्षा देने नही आई थी। फोन काल से जानकारी किया गया तो पता चला की एक अज्ञात फोन नम्बर पर बात हुई थी। जबकि साइकिल भीटी रावत चौराहे पर मिला था। पिता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया है।

श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर किन्नर समाज में भी दिखा उत्साह

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। एक तरफ अयोध्या में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद अब नेताओ से लेकर आम और आम से लेकर खास सभी लोग खुश नजर आ आ रहे हैं। सभी लोग पूरी तरीके से भक्तिमय राममय होकर खुशियां मना रहे हैं। वही बात करें किन्नर समाज की एक किन्नर समाज भी आज के इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूरी तरह से खुश हैं। इसी क्रम में आज राम मंदिर लाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद पूरे देश में देश में हर्षोल्लास का माहौल है। वहीं पर आज किन्नर समाज की एक समाजसेवी सिद्धि किन्नर ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया। और लोगो मे प्रसाद ग्रहण कराने के बाद उन्होंने कपड़े और कंबल का भी वितरण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि आज हमारे देश को 500 वर्षों के बाद यह खुशी मिली है। इस खुशी की घड़ी में हमारा समाज भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। इसी क्रम में आज हमने अपने गांव में लोगो के बीच जाकर एक छोटा सा योगदान किया है। इस कार्यक्रम के दौरान अजय ,मुकेश प्रदीप, सूरज, सनातन, लव मौजुद थे।

भगवान राम की निकली झांकी, भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर

अमन लेखनी समाचार

सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा के थरुआपार काली मंदिर पर सुंदरकांड हुआ। जिसके उपरांत में दोपहर बाद भव्य शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ विधायक प्रदीप शुक्ल, चेयरमैन प्रभाकर दुबे के नेतृत्व में निकाली गई। जिसमे रथ पर सवार राम परिवार और हनुमान की भव्य झांकी बाजार के हनुमान मंदिर तक गई। और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। लोग भक्ति रस मे डूबे नजर आये। महिला हो या पुरुष, बच्चे हो या बूढ़े सभी राममय हो गए। जिसमे दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री अश्वनी त्रिपाठी , डा शिव प्रसाद त्रिपाठी, रम्मू दूबे, संतोष पाण्डेय, विकास पाण्डेय, सहित भारी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे रहे।

महिला का फर्जी फेसबुक आईडी बना कर रहा था ब्लैकमेल, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा थाना स्थित क्षेत्र के टड़वाकला निवासी एक महिला का पड़ोस का युवक उसके नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर अश्लील फोटो और वीडियो बना कर ब्लैकमेल कर रहा था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से क्षेत्र के टड़वाकला निवासी एक महिला का पड़ोस गांव का एक युवक जया, जय बाबू नाम से फेसबुक का फर्जी आईडी बनाकर महिला का फोटो लगाया था। और उस पर अश्लील फोटो, और वीडियो बनाकर पोस्ट कर ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा था। विरोध करने पर बर्बाद करने की धमकी भी दे रहा था। पति और भाई को इस बात की जानकारी हुई तो उन्हे भी अश्लील फोटो, और वीडियो वायरल करने और बर्बाद करने की धमकी दे रहा था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी धर्म मंगल उर्फ सिंटू पुत्र रामधारी निवासी सेमरडाड़ी के खिलाफ जालसाजी, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

शौच करने से मना करने पर पीटा चार पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के मुस्तफाबाद उर्फ मलऊर निवासी लक्ष्मण चौरसिया पुत्र सीताराम चौरसिया के मकान में बने शौचालय में भाई की पत्नी जबरन शौच करने लगी थी। मना करने पर अपने परिजन के साथ मिलकर लोहे की रॉड से पीटकर घायल कर दिया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अमरावती, माधुरी, रिया, अनुराग के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

विधायक ने प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखा

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक अंतर्गत क्षेत्र के कोडरा स्थित संकटमोचन मन्दिर व कोडेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में सोमवार को अयोध्या में हुए प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा का एलईडी के माध्यम से लाइव प्रसारण विधायक प्रदीप शुक्ला ने कार्यकताओं के साथ देखा। साथ पीएम सीएम के उद्बोधन को भी सूना। परिसर में भजन कीर्तन के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर डा. ऋतु सहाय, जिपंस संजय शुक्ला, विकास पाण्डेय, रविन्द्र त्रिपाठी, नरेन्द्र शुक्ला, संजय शुक्ला, सुमित कुमार मुखर्जी समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहें।

रामोत्सव के अवसर पर मंडल कार्यालय में संपन्न हुआ विराट कवि सम्मेलन

कवियों ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को किया प्रफुल्लित

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड बीजेपी कार्यालय परिसर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर में विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया गया मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि बिंदकी विधायक पूर्व राज्य कारागार मंत्री जय कुमार सिंह जैकी ने मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि शिक्षक कृष्ण कुमार सविता एवं कुशल संचालन औरैया जनपद से पधारे ओजस्वी कवि गोपाल कृष्ण पाण्डेय ने किया कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि समेत विशिष्ट अतिथि जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल एवं ब्लाक प्रमुख अमौली सुशीला सिंह का आयोजक संतोष गुप्ता समेत कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया वहीं मंच के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मीडिया बंधुओं को भी अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में पहुंचे कवियों ने हास्य श्रृंगार एवं वीर रस भरे काव्य पाठ करते हुए दर्शकों को भाव विभोर कर दिया विराट कवि सम्मेलन में संचालक गोपाल कृष्ण पाण्डेय के साथ कार्यक्रम के संयोजक कवि ज्ञानेंद्र प्रकाश अमौली सिराज लखनवी एडवोकेट शईदा खान जहानाबाद अभिनय सम्राट शायर प्रतिमा उमराव राहुल कश्यप सलोनी पटेल आकाश अमर शास्त्री सुभा मिश्रा समेत सभी कवियों ने बारी-बारी से काव्य पाठ किया संपूर्ण कार्यक्रम अंतर्गत समय-समय पर जय श्री राम के जयकारों से परिसर गुंजायमान होता रहा कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक भारतीय जनता पार्टी के अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने आए हुए सभी कवियों मीडिया बंधुओं समेत भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं जनता जनार्दन का आभार व्यक्त किया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री रेखा मिश्रा अमौली मंडल संयोजक शिव गुप्ता पूर्व जिला मंत्री डॉ राम भक्त वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष गोरेलाल द्विवेदी सुरेन्द्र उमराव हेमन्त श्रीवास्तव शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी देवेंद्र अवस्थी मोहित सोनी विपेन्द्र तिवारी अशरफ खान शुभम ठाकरे समेत भारी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे

संपूर्ण जनपद में जगह-जगह मनाया गया श्रीराम प्रमाण प्रतिष्ठा का हर्षोल्लास

कहीं पर छप्पन भोग तो कहीं पर अनवरत चलता रहा विशाल भंडारा

अमन लेखनी समाचार/ शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के सभी क्षेत्रों में अयोध्या की पावन धरती पर हो रही मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का हर्षोल्लास मनाया गया चारों तरफ क्षेत्रों में भक्त गणों ने मंदिर प्रतिष्ठान तथा सरकारी संस्थानों में श्री राम नाम संकीर्तन अखंड पाठ तथा विशाल भंडारे आयोजित किये जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत गूढेश्वर अखंड धाम में ग्राम प्रधान सुशील तोमर की अगुवाई में श्री राम नाम संकीर्तन कार्यक्रम संपन्न हुआ वही कार्यक्रम के दौरान स्थापित विग्रह भगवान श्री राम लक्ष्मण तथा माता जानकी को छप्पन भोग लगा महाआरती संपन्न हुई इसी प्रकार क्षेत्र के अमौली कस्बे बरमपुर बुढ़वा नेवरी जलालपुर देवरी बुजुर्ग समेत लगभग सभी ग्राम पंचायतों में विशाल भंडारे आयोजित किए गए विकासखंड के खजुरिहा ग्राम पंचायत में सेवानिवृत्ति उप निरीक्षक विपिन बिहारी अवस्थी द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया मिली जानकारी के अनुसार बूंदी प्रसाद का महा भंडारा प्रातः काल से देर रात्रि तक चलता रहा विशाल भंडारे की व्यवस्था राजस्व लेखपाल प्रशांत अवस्थी एवं सुभाष अवस्थी द्वारा संचालित की गई जहां हजारों भक्तों ने महाप्रसाद को ग्रहण किया गूढेश्वर अखंड धाम में पहुंचे पूर्व राज्य कारागार मंत्री जयकुमार सिंह जैकी एवं ब्लाक प्रमुख अमौली सुशीला सिंह ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम को माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया वही मंदिर प्रांगण में अनवरत देर रात्रि तक विशाल भंडारा चला रहा जहां भक्तों ने जयकारे लगाते हुए महाप्रसाद को ग्रहण किया वहीं ग्रामीण एवं क्षेत्र की महिलाओं ने संपूर्ण दिवस भजन कीर्तन सोहर इत्यादि गीत संगीत से परिसर को गुंजायमान रखा इस मौके पर ग्राम प्रधान के अग्रज राम शंकर सिंह तोमर मुन्ना सिंह चौहान टैया सिंह अरुण तिवारी राघवेंद्र सिंह तोमर पवन पाण्डेय अमित पाण्डेय अभिलाष सिंह, चच्चू पांडे, बृजेश, शिक्षक उमेश त्रिवेदी आदि वरिष्ठ लोगों समेत हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहें

बुलंदशहर में दहेज हत्या के आरोपी पति को आजीवन कारावास

- कोर्ट ने 15 हजार का लगाया जुमार्ना, कार के लिए पत्नी को मार डाला था

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, अनूपशहर में अपर जिला व सत्र न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश तिवारी की अदालत ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रुपए के जुमार्ने की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत सक्सेना ने बताया कि थाना पाली के रायपुर खास निवासी वादी देवेंद्र कुमार ने तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को दी तहरीर में प्रार्थी ने बताया कि गत 2018 को उसने अपनी बहन ममता की शादी हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हरेंद्र निवासी गांव मूड़ा खेड़ा, थाना रामघाट जिला बुलन्दशहर के साथ की थी। शादी में उसके द्वारा काफी दान दहेज दिया गया था किंतु उसके बाद भी शादी के कुछ समय बाद से ही उसकी बहन को ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर परेशान करने लगे। अतिरिक्त दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के लोग उसकी बहन के साथ मारपीट व उसका उत्पीड़न करने लगे। बहन के कई बार बताने पर वह बहन को समझा देता था। 21 अप्रैल 2021 को देर शाम 6:00 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनकी बहन की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ 498अ, 304 इ, व 3/4 दहेज आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी थी।

मेरठ में दबंगों ने किसान को मारी गोली

कंधे पर लगी, गंभीर हालत में अस्पताल में चल रहा इलाज, जान से मारना चाहते थे दबंग

अमन लेखनी समाचार

सरधना, मेरठ में सरधना थाना क्षेत्र के कपसाड़ गांव में खेतों पर काम कर रहे किसान को गांव के ही दबंगों ने गोली मार दी। कंधे पर गोली लगने से घायल किसान को आनन फानन में परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने घायल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची सरधना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सरधना थाने पर तहरीर देते हुए घायल के भतीजे जितेंद्र ने बताया कि उसके चाचा ओम पुत्र रमेश सोम खेत पर कार्य कर रहे थे। इसी बीच खेतों पर पहुंचे गांव के ही दबंगों ने जान से मारने की नीयत से चाचा ओम पर गोली चला दी। गोली चाचा के कंधे में लगी। वो वहीं गिर गए और शोर मचा दिया। बताया कि लोगों को आता देख आरोपी वहां से फरार हो गए। घायल को सरधना सीएचसी पर लाया गया जहां से घायल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इस संबंध में थाना इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश में गोली मारने का मामला सामने आया है, घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामले की जांच की जा रही है, आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

जालौन में एनएच-27 के डिवाइर से टकराई कार...एक की मौत

- हाईस्पीड के चलते हुआ हादसा, खंती में पलटने के बाद मची चीख-पुकार, दो लोगों की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

जालौन, जालौन में झांसी कानपुर एनएच-27 पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहां तेज रफ्तार एक स्विफ्ट कार डिवाइडर से टकराकर हाईवे किनारे खंती में पलट गई, इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे को देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने घायलों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही मृतक की शिनाख्त कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना एट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले झांसी कानपुर नेशनल हाईवे 27 स्थित सोमई गिरथान के मध्य की है। बताया गया है कि कानपुर देहात के भोगनीपुर थाना क्षेत्र के सिथरा रामपुर के मजरा सिथरा बुजुर्ग के रहने वाले विक्रम सिंह (50 वर्ष) पुत्र चतुर्भुज सिंह नायक दो अन्य साथियों के साथ पुखरायां से अपनी स्विफ्ट कार यूपी 71 एवाई 7863 से दवा लेने के लिए झांसी जा रहे थे। वह झांसी कानपुर एनएच 27 स्थित सोमई गिरथान के बीच पहुंचे, तभी कार की रफ्तार तेज होने के कारण जिसे चला रहे विक्रम सिंह अपना संतुलन को बैठे। इसके बाद कार डिवाइडर से टकराकर सड़क किनारे खंती में जा पलटी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विक्रम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसमें बैठे दो अन्य लोग घायल हो गए। हादसे को देख, वहां से निकलने वाले राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने कार में दबे विक्रम के साथ दो अन्य घायलों को बाहर निकाला साथ ही तत्काल इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने विक्रम को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायलों का इलाज शुरू कर दिया। वहीं पुलिस ने शिनाख्त करने के बाद परिजनों को सूचना दी,

खास समाचार

शराब बिक्री करने वाले दो लोग गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। थाना क्षेत्र के बेरी ग्राम पंचायत के मजरा बिंदपुरी व बिलौटा ग्राम पंचायत के मजरा टेकचंद का डेरा से पुलिस ने अवैध रूप से देशी शराब बिक्री करने वाले दो लोगो को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के बेरी ग्राम पंचायत के मजरा बिंदपुरी निवासी बीरू श्रीवास पुत्र जयनारायन के कब्जे से बीस अदद देशी शराब के साथ उपनिरीक्षक संगमलाल प्रजापति ने गिरफ्तार किया। वही बिलौटा ग्राम पंचायत के मजरा टेकचंद का डेरा निवासी बीरेंद्र कुमार पुत्र छोटेलाल को पच्चीस क्वार्टर देशी शराब के साथ उपनिरीक्षक पंधारी सरोज ने गिरफ्तार किया है। दोनो के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

कवि सम्मेलन व विचार गोष्ठी आयोजित

कुरारा, हमीरपुर।विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव में पृथक बुंदेलखंड राज्य के समर्थन में कवि सम्मेलन व विचार गोष्ठी आयोजित की गई।बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष मौजूद रहे। क्षेत्र के झलोखर गांव में आयोजित कवि सम्मेलन में कमल किशोर कमल प्रबंधक साहित्य सेवा संस्थान द्वारा बुंदेली में बोलिए बुंदेली के बोल अलग राज्य अब चाहिए अब पीट रहे हैं धोलकविता पाठ किया गया।पंकज कुमार अनुराग द्वारा कविता पाठ करते हुए कहा कि रात दिन हुए खनन से प्रकृति का करते दोहन है।फिर भी इतना पिछड़ापन है।अलग चाहिए अपनो धाम।सुरेश चंद्र अनुरागी ने क्षेत्र पठारी बोली प्यारी दिल के बड़े निराले हैं पानी में ही तेज यहां पर आन पर मर ने वाले हैं।संतोष कुमार माधव महोबा ने विदेशों में तिरंगे का परचम खूब लहराया प्रथक बुंदेलखंड दे दो हमे निज राज्य ही भाया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश चंद्र जोशी,संचालन अनिल कुमार निश्चल ने किया। इस अवसर पर आशुतोष त्रिपाठी, कालका सविता,अभिषेक त्रिपाठी, शिवम गुप्ता,सचिन साहू, अजय कुमार,ललित, विनय,सत्यनारायण सोनकर आदि मौजूद रहे। संयोजक सत्येंद्र अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

चेयरमैन द्वारा चौरा देवी मंदिर में हुआ नगर भोज का आयोजन

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

हमीरपुर। अयोध्या में श्री रामलला की मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह के ऐतिहासिक अवसर पर नगर के प्रसिद्ध चौरा देवी मंदिर में नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद के द्वारा नगर भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी मात्रा में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया एवं चौरा देवी मंदिर में दर्शन पूजन व हवन इत्यादि संपन्न किया। इस अवसर पर अयोध्या में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण दिखाने की व्यवस्था भी बड़ी एलसीडी स्क्रीन लगाकर यहां की गई थी जिसका आनंद श्रद्धालुओं ने लिया। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद के द्वारा यहां 16 जनवरी से 22 जनवरी तक चौरा देवी मंदिर में प्रतिदिन सुंदरकांड का पाठ व 11 कुंडी हवन आदि की व्यवस्था की गई है। भंडारे की व्यवस्था में महिलाओं ने स्वयं सेवा कर पूड़ी सब्जी बूंदी आदि बनाई।सुबह 11:00 बजे से ही भोज का कार्य शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने बड़ी तादाद में पहुंच कर भोजन प्रसाद ग्रहण किया। नगर पालिका अध्यक्ष स्वयं घूम-घूम कर सारी व्यवस्थाएं देख रहे थे। नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद के इस कार्य की पूरे नगर में सराहना की जा रही है।

मंदिरों की सजावट कर हुई पूजा-अर्चना

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों की सजावट कर पूजा अर्चना की गई। तथा जगह जगह भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कस्बा कुरारा में मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर प्रांगण से श्री राम दरबार शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। गाजे बाजे के साथ यात्रा ने कस्बे में भ्रमण किया। कस्बा कुरारा के श्री राम जानकी मंदिर, भगत तालाब मंदिर,शिव मंदिर, आदि मंदिर में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर हवन पूजन किया गया। तथा प्रसाद का वितरण किया गया। कस्बा के एक दर्जन से अधिक स्थान पर भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लाक परिसर में अयोध्या का लाइव प्रसारण दिखाया गया। क्षेत्र के डामर गांव में शिवमन्दिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में अशोक निगम,दीपू , सज्जन दिवेदी आदि मौजूद रहे। कस्बे के शिव मंदिर परिसर से श्री राम दरबार शोभा यात्रा निकाली गई।जो कि बाजार से होकर लालमन पुलिया से होते हुए बेरी तिराहा, बस स्टैंड, मंडी समित से होते हुए भोली रोड, गुड मंडी से होकर समापन हुआ। शोभायात्रा में ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, जिला अध्यक्ष सुनील पाठक, रवि गुप्ता, सुशील सोनी, अवधेश गुप्ता, रामजी गुप्ता, मौजूद रहे।तथा शाम को दीपोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। तथा आतिश बाजी छोड़ी गई। आज भक्ति मय माहौल बना रहा। इस अवसर पर थाना प्रभारी योगेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

मंदिरों में हुआ सुंदरकांड का पाठ व भंडारों का आयोजन

अमन लेखनी समाचार शिवम सिंह

कुरारा,हमीरपुर। श्री राम लला विराजमान प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते कस्बे के वार्ड नंबर 9 में श्री राम दरबार सजाकर संगीत में सुंदरकांड का पाठ किया गया तथा हवन पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तथा हरसोलश के साथ उत्सव मनाया गया उक्त अवसर पर समस्त पड़ोसियों ने उक्त कार्यक्रम में सहभागिता की तथा श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाया दिन भर श्री राम के जयकारों से वातावरण गूंज मान रहा तथा विभिन्न धार्मिक गीतों के माध्यम से श्री राम के जयकारे लगाते रहे उक्त कार्यक्रम में आचार्य विष्णु कुमार द्विवेदी ने हवन पूजन आदि संपन्न कराया तथा पड़ोसियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को मनोरम मनाया वहीं विशाल भंडारे में कन्या भोज के उपरांत हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा श्री राम के इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाया भंडारे का आयोजन देर रात तक चलता रहा उत्साहित लोगों ने आज रात में दीपक जलाकर दीपावली मनाई तथा घरों को बिजली आदि के उपकरणों से सजाकर दीपक जलाए गए उक्त कार्यक्रम की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

नगर के रामलीला मैदान से निकाली गई शोभा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

डाला (सोनभद्र) अयोध्या धाम मंदिर में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा सोमवार प्रधानमंत्री के नेतृत्व आयोजन हुआ जिसको लेकर नगर पंचायत क्षेत्र के बाजार स्थित रामलीला मैदान में विधिवत पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा निकालकर उत्सव मनाया गया शाम होते ही 1100 दीप जलाकर जगमग हो गया पूरा रामलीला मैदान। 22 जनवरी सोमवार को अयोध्या धाम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद डाला नगर के रामलीला मैदान में रामलीला सेवा समिति अध्यक्ष हनुमान सिंह व दूर्गा पूजा सेवा समिति अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह पटेल गुड्डू के नेतृत्व में श्री राम शोभा यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया जो दश बजे रामलीला मंच पर रामदरबार की पूजा अर्चना कर भव्य संगीतमय कार्यक्रम का प्रारंभ होकर

दोपहर बाद दो बजे रथ पर राम, लक्ष्मण, भरत ,शत्रुघ्न, व वानरी सेना के रूप में सजे -धजे छोटे छोटे बच्चों को विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर बाजार भ्रमण करते हुए बस स्टैंड, अचलेश्वर मंदिर होते हुए पुनः रामलीला मैदान में प्रसाद वितरित कर समापन किया गया। जहा शोभा यात्रा में महिला, पुरुष, बच्चों भारी संख्या में शामिल हुए वहीं रात्रि में आतिशबाजी का कार्यक्रम भी सम्मिलित रहा इस दौरान हनुमान सिंह नगर अध्यक्षा फुलवंती कुमारी, पंडित ओमप्रकाश तिवारी,सुधीर सिंह, संतोष कुमार उर्फ बबलू संजय मित्तल मनोज शुक्ला राजू शुक्ला दिनेश जैन, अंशु पटेल, राकेश शर्मा, राकेश जायसवाल, मंगला प्रसाद जयसवाल मनोज चौरसिया, रिशु जयसवाल संदीप सिंह पटेल मोनू दीपक राय अजय दुबे, शम्भू सिंह गोड़ शशि कांत सिंह संतोष त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से नवागत डाला चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सिंह मय फोर्स के साथ डटे रहे। वहीं नगर के अचलेश्वर महादेव मंदिर पर भजन कीर्तन संध्या आरती का कार्यक्रम भी किया गया वार्ड नंबर पांच में सभासद बलवीर चन्द्र वंशी के नेतृत्व व वार्ड दश सभासद प्रतिनिधि राजेश सिंह पटेल के नेतृत्व में लक्ष्मण नगर , सेक्टर बी चौराहे पर भंडारा का कार्यक्रम आयोजन हुआ जहा नगर अध्यक्षा फुलवंती कुमारी के नेतृत्व में सेक्टर सी हनुमान मंदिर,पर सुंदर काण्ड विशाल भंडारे का कार्यक्रम आयोजन किया गया जहां हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान अवनीश देव पांडेय संतोष कुमार कुशवाह विशाल गुप्ता रोहित पाठक , के साथ नगर पंचायत डाला बाजार के समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

गाजीपुर जिले के रामपुर माझां गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के सैदपुर तहसील के देवकली ब्लाक के रामपुर माझां गांव में चन्द्रशेखर आजाद अल्ड्म हाफ क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि इन्तियाज अंसारी, ने फीता काट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि गांव में खेल के विभिन्न हिस्सों में खेला जाता है लेकिन इस को जागरूक करने वाले सभी युवा वर्ग को हर प्रकार के खिलाड़ी को जागरूक किया जाने चाहिए और इससे अधिक संख्या में खिलाड़ी अपनी योग्यता और क्षमता को बढ़ाता हूंए एक दिन पहले गांव से जिले और प्रदेश, देश में नाम रोशन करते हैं। इस क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करने वाले कमेटी को धन्यवाद दिया और कहा कि कोई भी कार्य कठिन नहीं है जो कि वर्तमान समय में बच्चों को हमेशा अच्छे तरीके से खेल में शामिल कर प्रशिक्षित करना हमारे लिए बहुत ही अच्छा कदम है। इस प्रकार हर तरह के खेल का प्रतियोगिता आयोजित करना चाहिए। इसमें उपस्थित सभी लोगों अवधेश पासवान प्रधान प्रतिनिधि रामपुर, मनोज कुमार प्रधान प्रतिनिधि शेखपुर, संगम यादव, और चन्द्रशेखर आजाद अल्ड्म क्रिकेट प्रतियोगिता रामपुर माझां गाजीपुर के सहयोगी गण आदि उपस्थित दर्शकगण।

कोहरथा को हरा गाजीपुर ने जीता वालीबाल प्रतियोगिता

खेल से मानसिक शारीरिक विकास को मिलता है बढ़ावा

म्योरपुर ब्लॉक के करचा टोला में 26 टीमों ने किया प्रतिभाग

अमन लेखनी समाचार

लिलासी/सोनभद्र। म्योरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मधुबन के करचाटोला में सोंती देवी शिक्षण संस्थान के प्रांगण में दो दिवसीय अन्तर्राजिय वालीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को देर शाम गाजीपुर ने कोरहथा घोरावल को 2-1 से हरा कर ट्राफी अपने नाम किया।आयोजन समिति के सदस्य प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में 18 ग्रामीण और 8 शहरी क्षेत्र की टीमें भाग ली ।समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोंड,ग्राम प्रधान बर्फी लाल और ग्राम प्रधान लिलासी रामनरेश जायसवाल ने विजेता को 8100 तथा उप विजेता टीम को 5100 रुपए नगद पुरस्कार और ट्राफी दिया।मुख्य अतिथि सिंह ने कहा की ग्रामीण अंचल में इस तरह का आयोजन खिलाडियो के मनोबल बढ़ाने वाला है।यह केवल मनोरंजन के लिए नही बल्कि खेल से शारीरिक मानसिक विकास भी होता है।और भाई चारा को बढ़ावा मिलता है।मौके पर सुधीर कुमार,रविकांत एडवोकेट, लखन राम जंगली,हरिनारायण, कमलेश,कमेंट्रेटर अमरेश कुमार,पप्पू कुमार सहित हजारो की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

जन-जन के राम कण-कण में राम

जनपद में हर्ष उल्लास, आनंद और भव्यता के साथ के साथ भगवान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को मनाया जा रहा हैं-जिलाधिकारी

यह बहुत मूल्यवान क्षण है भगवान श्री राम जी के बाल स्वरूप के भव्य कार्यक्रम को जगह-जगह पर एलईडी के माध्यम से देख जन मानस हो रहे हैं उत्साहित-जिलाधिकारी।

स्वच्छता अभियान के तहत मंदिर परिसरों में की गयी साफ-सफाई

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। में भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत विधायक सदर भूपेश चैबे, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद, भजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने श्री रामजानकी मंदिर राबर्ट्सगंज में पहुंच कर विधिवत पूजन अर्चन की और अयोध्या धाम से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को देखा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर विजय कुमार यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुगणों द्वारा लाइव प्रसारण के कार्यक्रम को देखा गया। भंडारण का आयोजन कर अंत में सभी श्रद्धालुओं को श्रद्धा भाव से प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर भूपेश चैबे ने कहा की लोक जीवन का राग श्री राम से उक्त है, श्री राम का आचरण व संस्कार सनातन से लोगों का जीवन प्रकाशित करता रहा है, राम नाम के रस में ही भारत की सभी विधाएं संलिप्त है, आज के इस सुखद क्षण में जन मानस भंडारे कर रहे हैं, जुलूस निकाल रहे हैं, सभी मंदिरों, चैराहों मोहल्लों में साज सजावट की गयी है और मंदिरों में लोग लाईव प्रसारण को देखकर आनन्द मय हो रहें है। इस मौके पर जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कहा कि श्री राम उत्सव महोत्सव के अन्तर्गत नैतिक मानवीय व सामाजिक मूल्यों को रूप देने वाले प्रभु श्रीराम चन्द्र जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोध्या धाम से लाईव प्रसारण देखकर लोग आनन्दित हो रहे हैं, आज भगवान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा संबंधी कार्यक्रम जनपद के मंदिरों में लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा गया है, जनपद में हर्ष और उल्लास के साथ लोग आनंद ले रहे हैं प्रसाद का वितरण किया जा रहा हैं, भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, मंदिरों की साफ-सफाई कर लाइटों से सजाया गया है, मंदिरो गलियों मोहल्लों चैराहों को भी सजाया गया है, यह बहुत मूल्यवान क्षण है लोग आनंद के साथ इस क्षण को मना रहे हैं भगवान श्री राम जी के बाल स्वरूप के भव्य कार्यक्रम को एलईडी के माध्यम से सभी मंदिरों पर लाइव प्रसारण देखा जा रहा है।

श्री विंध्य प्राचीन रामलीला समिति की तरफ से निकाली भव्य शोभायात्रा, जय श्री राम के नारे से गूंज उठा विंध्याचल धाम

अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर - 500 वर्षों के बाद मिली खुशी को अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मिजार्पुर जनपद के विंध्याचल धाम में श्री विंध्य प्राचीन रामलीला समिति के द्वारा प्रभु श्री राम का भव्य शोभायात्रा निकाला गया यह शोभायात्रा मां विंध्यवासिनी धाम के पुरानी वी आई पी मार्ग से प्रारंभ होकर स्टेट बैंक चौराहा बंगाली चौराहा होते हुए बरतर से मां विंध्यवासिनी धाम के प्रांगण में जाकर संपन्न हुई समिति के अध्यक्ष संगम लाल त्रिपाठी ने बताया कि हमारे लिए बड़ी खुशी की बात है कि प्रभु श्री राम टेंट से निकलकर महल में जा रहे हैं जिसे देखने का हमारा सौभाग्य है इस अवसर पर हमारी समिति के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई इस शोभायात्रा में जनपद से लेकर नगर के सभी लोग सम्मिलित हुए और इस गौरव के क्षण को हमने अपनी खुशी के रूप में बदल लिया हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा हमें देखने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ शोभायात्रा में जगह-जगह लोगों ने राम भक्तों को प्रसाद वितरण किया पुष्प वर्षा की और इस सभा में हजारों की संख्या में लोग अपने प्रतिभाग किया प्रभु श्री राम की जयकारे से पूरा विंध्याचल गूंज उठा लोगों की खुशी है देखने को मिल रही थी उत्साह बहुत लोगों में इस दिन को लेकर प्रभु श्री राम की भूमिका में देवी दीक्षित सीता की भूमिका नमिता पांडे में लक्ष्मण की भूमिका में हिमालय पांडे हनुमान जी की भूमिका में अमन गोस्वामी इस अवसर पर समिति के प्रधान संरक्षक इंद्र प्रसाद मिश्रा संरक्षक प्रकाश चंद पांडे अध्यक्ष संगम लाल त्रिपाठी वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामेश्वर त्रिपाठी उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ भंडारी कोषाध्यक्ष आदर्श उपाध्याय निर्देशक राजगीरी सह निर्देशक प्रशांत द्विवेदी (गुड्डू) व्यवस्था प्रमुख विक्रम मिश्रा (निशु) मंत्री प्रिंस मिश्रा सह मंत्री शिखर गिरी प्रवक्ता रवि प्रकाश मिश्रा मीडिया प्रभारी संतोष कुमार रिंकू शिवबलि राजपूत आदि सदस्य लोग उपस्थित रहे।

प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर नौडीहा में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

लिलासी/सोनभद्र। पूरे देश में जश्न का माहौल आखिर क्यों ना हो, एक ऐसा शुभ मुहूर्त का वह अलौकिक, अद्भुत, और अविस्मरणीय क्षण सोमवार के दिन इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों के रूप में दर्ज किया जा चुका है।जी हां बात अयोध्या में प्रभु श्री राम के विराजने के अवसर पर गांवो और कस्बो में भव्य शोभा यात्रा एवं प्रभु श्री राम के जय घोष से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो उठा जगह-जगह मंदिरों में कहीं हनुमान चालीसा का पाठ तो कहीं सुंदरकांड का पाठ तो कहीं प्रभु श्री राम की कथा का वर्णन ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानो पूरा भारत देश इस अद्भुत, अलौकिक, पल का बेसब्री से इंतजार कर रहा था सन 1528 की भरपाई 22 जनवरी 2024 को अंततः परचम रूपी झंडा अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही साथ सनातन धर्म, हिंदुत्व शक्तियां, संत महात्माओं का सर गर्व से ऊंचा हो गया है।अदालत के हस्तक्षेप के बाद अयोध्या में भगवान राम विराजमान हो गए हैं। जिसे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर मोदी द्वारा आचार्य गणों की उपस्थिति के दौरान पूरी विधि-विधान से स्थापित किया गया हैं, इस दौरान नौडीहा के वासियों ने भी नव निर्मित हनुमान मंदिर से भव्य शोभा यात्रा का जुलूस पूरे नौडीहा गांव में भ्रमण करने के बाद हनुमान मंदिर परिसर नौडीहा सरजू चौबे के पास जाकर समाप्त हो गया है।इस दौरान मधुबन प्रधान बर्फिलाल,समाजसेवी प्रदीप कुमार,भाजपा बूथ अध्यक्ष विंध्याचल, हरिनारायण, वासदेव, कमलेश कुमार,अमित,संदीप समेत हजारो लोग मौजूद रहे।

आर्य समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त प्रकाश दास सहित तीन लोगों के निष्कासन के बाद हुआ पुनर्गठन

आर्य समाज चोपन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रदेश सभा ने दी मान्यता

अमन लेखनी समाचार

चोपन, सोनभद्र। आर्य समाज विरोधी गतिविधियों एवं आर्य समाज मंदिर चोपन /आर्य शिशु मंदिर स्कूल पर फर्जी कमेटी बनाकर अवैध रूप से काबिज पूर्व पदाधिकारी प्रकाश दास सहित तीन लोगों के निष्कासन के बाद रिक्त पदों की पूर्ति एवं नये सत्र हेतु पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर जिला सभा के निर्देश पर जिला सभा प्रधान कपिल देव सिंह आर्य की अध्यक्षता एवं देखरेख में बीते दिनों सम्पन्न हुई चोपन आर्य समाज की बैठक में सर्वसम्मति से नयी कमेटी का गठन किया गया।

बैठक में संजय कुमार जैन को पुनः एक बार प्रधान पद का दायित्व सौंपा गया जबकि श्यामाचरण गिरी उप प्रधान बनाये गये। अन्य पदों हेतु अजय कुमार भाटिया- मंत्री, संजय कुमार सिंह - उपमंत्री, श्रीमती रंजना शर्मा- कोषाध्यक्ष, अजय कुमार सिंह - प्रबंधक , सुशील पांडेय को उप प्रबंधक आर्य शिशु मंदिर स्कूल एवं राम चन्द्र, विवेक कुमार तिवारी, अजय सूद, सुरेन्द्र कुमार बरनवाल को अंतरंग सदस्य चुना गया। जिला सभा एवं प्रदेश सभा में प्रतिनिधि के रूप में अजय भाटिया को नामित किया गया। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा सोनभद्र के प्रधान श्री कपिल देव सिंह आर्य ने पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए बताया कि आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश सभा प्रधान श्री देवेंद्र पाल वर्मा ने आर्य समाज चोपन के निर्वाचन को मान्यता प्रदान करते हुए निर्वाचन प्रमाण पत्र जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि आर्य समाज चोपन आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश की स्थानीय इकाई के रूप में उसी के नियमों उप नियमों से संचालित होती है। नव निर्वाचित पदाधिकारी ही आर्य समाज के विधि मान्य पदाधिकारी हैं और वो ही आर्य समाज मंदिर एवं स्कूल को संचालित करने हेतु अधिकृत है। आर्य समाज चोपन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने हेतु पूर्व में भी प्रदेश सभा प्रधान जी ने सोनभद्र के प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखा था जिसपर माननीय पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देश पर दो बार सक्षम पुलिस अधिकारी से प्रकरण की जांच कराई गई और जांच रिपोर्ट में दोनों बार प्रकाश दास को दोषी पाया गया है बावजूद इसके अभी तक अवैध कब्जा बने रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संदर्भ में एक बार पुनः प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आर्य समाज चोपन को अवैध कब्जा से मुक्त कराने का अनुरोध किया गया है।

सोनतट पर बना माँ शीतला जी का भव्य सुंदर मंदिर

चोपन, सोनभद्र। नगर में सोनपुल के किनारे सोनतट के छठ घाट पर दशकों से उपेक्षित पडे.छोटे से शीतला माता जी के मंदिर को स्थानीय भक्तजनों ने संकल्पित होकर मंदिर का नव निर्माण कर अब दिव्य स्वरूप दे दिया है। सोमवार को जब आयोध्या में बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला बालरूप में प्रतिष्ठित हो रहे थे तो इसी पावन अवसर पर चोपन में सोनतट पर बने माँ शीतला के भव्य मंदिर में भक्तो ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर माँ को प्रतिष्ठित किया। मंदिर पुनर्निर्माण में स्थानीय पवन अग्रवाल, एडवोकेट राजेश साहनी, दिनेश जैन, हनुमान दास, प्रदीप अग्रवाल, राजेश अग्रहरि सहित अन्य भक्तजन पूरे मनोयोग से दिनरात एक करके जुटे रहे। आज के पावन अवसर पर प्रसाद वितरण एवं भंडारा आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक-
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक -
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

बॉफ्टा अवॉर्ड्स में ओपेनहाइमर की धूम, बार्बी को छोड़ा पीछे

लंदन। ब्रिटिश एकेडमी फिल्म अवार्ड्स (बाफ्टा) 2024 के नामांकन की घोषणा 18 जनवरी को कर दी गई। क्रिस्टोफर नोलन के निर्देशन में बनी 'ओपेनहाइमर' और 'पुअर थिंग्स' अवॉर्ड्स की रेस में सबसे आगे नजर आ रही हैं। ओपनेहाइमर ने 13 नामांकन हासिल किए। वहीं, 'पुअर थिंग्स' ने 11 नामांकन के हासिल करने में कामयाबी पाई। उनके बाद 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' और 'द जोन ऑफ इंटरेस्ट' को नौ कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया। वहीं, 'बार्बी' को केवल पांच नामांकन मिले हैं। लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित नामांकन कार्यक्रम की मेजबानी डेविड टेनेंट ने की। नामांकन कार्यक्रम में ओपनेहाइमर की धूम नजर आई। हालांकि, बार्बी को काफी कम श्रेणियों में नामांकित किया गया। इन फिल्मों के अलावा 'साल्टबर्न', 'नेपोलियन', रोमांटिक कॉमेडी 'राई लेन' और 'वोंका' भी नामांकम पाने में सफल रही। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए ब्रैडली कूपर (मेस्ट्रो) , कोलमैन डोमिंगो (रस्टिन), पॉल जियामाटी (द होल्डओवर्स), बैरी केओघन (साल्टबर्न), सिलियन मर्फी (ओपेनहाइमर) और टीओ यू (पास्ट लाइव्स) को नामांकित किया गया। वहीं, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के अवॉर्ड के लिए फैंटासिया बैरिनो (द कलर पर्पल), सैंड्रा हॉलर (एनाटॉमी ऑफ ए फॉल), केरी मुलिगन (मेस्ट्रो), विवियन ओपरा (राई लेन) मार्गोट रोबी (बार्बी) एम्मा स्टोन (पूअर थिंग्स) अपनी दावेदारी पेश करेंगी।



टॉलीवुड

प्रभास के फैंस को जल्द देखने को मिल सकती है 'सालार 2'

चेन्नई। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी फिल्म 'सलार' बीते साल के आखिरी महीने में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर 'डंकी' के साथ टक्कर होने के बाद भी फिल्म ने जमकर नोट छापे। जनवरी के महीने में भी इस फिल्म ने सिनेमाघरों में खूब धूम मचाया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में प्रभास के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन भी नजर आए हैं। अब अभिनेता के फैंस के लिए 'सलार 2' को लेकर बड़ा अपडेट आया है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि 'सलार' एक बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है और फिल्म के मेकर्स ने अच्छा मुनाफा कमाया है। प्रभास के प्रशंसक अपने स्टार हीरो को दमदार वापसी करते हुए देखकर रोमांचित हैं।अब सबकी नजरें फिल्म के दूसरे पार्ट पर हैं, जिसे लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। इस खबर को सुन अभिनेता के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे। खबर है कि अभिनेता प्रभास ने निर्देशक प्रशांत नील से जल्द से जल्द दूसरे भाग की शूटिंग शेड्यूल करने का अनुरोध किया है। प्रभास जल्द ही सीक्वल खत्म करके अपनी अगली फिल्म स्पिरिट पर काम करना चाहते हैं। इसी बीच यह भी खबर है कि प्रशांत नील ने दूसरे भाग का लगभग 40% हिस्सा पहले ही पूरा कर लिया है। होम्बले फिल्म्स ने इस फिल्म का निर्माण किया था, जिसमें रवि बसरूर ने संगीत दिया है। वहीं, पिछले दिनों 'सलार' की टीम ने जोरों-शोरों से फिल्म की सफलता का जश्न मनाया। निर्माताओं ने बेंगलुरु के एक लक्जरी होटल में एक सक्सेस पार्टी आयोजित की, जिसमें फिल्म के सभी अभिनेताओं और क्रू की मेजबानी की थी। 'सलार' प्रभास के करियर के लिए भी संजीवनी साबित हुआ है। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित मास एक्शन 'सलार' ने दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

भोजपुरी

'दुल्हा राजा' ने ऑनलाइन मचाई धूम, 26 को दर्शकों से होगी रूबरू

रायपुर। आगामी 26 जनवरी को रिलीज होने वाली फिल्म दुल्हा राजा के गाने और ट्रेलर सोशल मीडिया पर अब ट्रेंडिंग में आ चुके है , रील्स पर लगभग 50 लाख व्यूज से भी ज्यादा आ चुके हैं। फिल्म के हर गाने को लाखों में देखा जा रहा है और रोजाना व्यूज तेजी से बढ़ रहे हैं , साथ ही फिल्म के ट्रेलर ने धूम मचा रखा है। एक ही दिन में एक लाख व्यूज जाने के बाद अब विवरशिप लाखों में जा चुकी है सभी कलाकारों के इंटरव्यूज अब सोशल मीडिया में अरण्य सिनेमा के चैनल में देखे जा सकते हैं। अरण्य सिनेमा के बैनर तले फिल्म " दूल्हा राजा " का निर्माण किया गया है , जिसके निर्माता निर्देशक राज वर्मा हैं। छत्तीसगढ़ी सिनेमा में हर विधा में दखल रखने वाले राज वर्मा की यह चौथी फिल्म है। राज वर्मा लेखन से लेकर सिनेमा चलाने तक का अनुभव रखते हैं। बतौर अभिनेता नृत्य में पारंगत हैं और कराटे के मास्टर रहे हैं। अभिनेता के तौर पर सिनेमा में भी काम कर चुके हैं। इस फिल्म को सिनेमाघरों में छत्तीसगढ़ की जनता 26 जनवरी से देख पाएंगी। इस फिल्म में आठ अलग अलग विधा के खूबसूरत गाने हैं , जिसमे कर्मा , बिदाई , गोद भराई , मेहंदी , जस गीत और रैप सांग के साथ राज गीत जैसी पारम्परिक छत्तीसगढ़ महतारी जैसा गाना भी है । इस फिल्म के स्टार कास्ट में राज वर्मा , काजल सोनबेर , मनमोहन सिंह ठाकुर , अंशु दास मानिकपुरी, संजय महानंद , हेमलाल कौशल , शैलेन्द्र भट्ट , प्रदीप शर्मा , उपासना वैष्णव , अनुराधा दुबे , क्रांति दीक्षित , सोहैल खान , मनीषा वर्मा , दिव्या नागदेवे , राखी सिंह, राकेश यादव , अनुपम वर्मा, प्रकाश साहू और राजू शर्मा शामिल हैं। फिल्म की कथा , पटकथा , संवाद- राज वर्मा ने लिखा है , संगीत सुनील सोनी का है गीतकार सूर्यकांत तिवारी , दिलीप पटेल और चंद्रप्रकाश भारद्वाज है।

> पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में मेन्सवियर रेडी-टू-वियर फ़ॉल-विंटर 2024/2025 कलेक्शन के लिए 18 जनवरी की शाम पेरिस में प्रख्यात डिजाइनर इस्से मियाके का कलेक्शन मॉडल ने पेश किया। दर्शकों ने इन कलेक्शन के प्रति उत्साहजनक प्रतिक्रिया दी। पैलैस डे टोक्यो में इस्से मियाके ने पेरिस फैशन वीक के प्रदर्शन में फैशन को रोनन बॉरौलेक के चित्रों के साथ जोड़ा , जिससे एक सफेद रनवे पर रंगों से भरपूर काव्यात्मक संग्रह तैयार हुआ।

अपने आप टूट रहे हैं नाखून तो ऐसे रखें इनका ध्यान

नाखूनों का ध्यान रखने के कुछ सिंपल टिप्स जानना जरूरी है। कई बार नाखून टूटने की शिकायत होती है। इससे भी बचाव संभव है। जरूरी है कि सर्दी के इस मौसम में हमेशा दस्ताने पहन कर रखें। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो सर्द हवाओं की वजह से आपके नाखून कमजोर होकर अपने आप ही टूटने लगेंगे। लगभग सभी लोग सर्दी के इस मौसम में गर्म पानी इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में नाखून काफी ज्यादा कमजोर होने लगते हैं। अगर आपके नाखून में कमजोर हो रहे हैं तो इन्हें गर्म पानी से दूर रखें। अगर आप अपने नाखूनों को



अंदर से मजबूत बनाना चाहते हैं, तो उनकी हर रोज मालिश करें। इसके लिए आपको बस नारियल या बादाम का तेल लेना है, और उसकी मदद से हल्के हाथ से नाखूनों की मालिश करनी है। हाथों के साथ-साथ नाखूनों को पोषण देने में भी हैंडक्रीम काफी अच्छा काम करती है। ऐसे में सर्दी के मौसम में समय-समय पर हैंडक्रीम का इस्तेमाल करें। अगर आप सर्दी के इस मौसम में आप अपने नाखूनों के क्यूटिकल को साफ नहीं रखेंगे, तो इससे गंदगी जमा होती जाएगी। इसी गंदगी की वजह से नाखून कमजोर हो जाते हैं और टूटने लगते हैं।

वेडिंग रेडी लुक पाने के लिए परफेक्ट रहेंगे आसान ब्रेड हेयर स्टाइल्स

अपने लुक को कम्प्लीट करने के लिए हेयर स्टाइल का रोल अहम होता है और फेस्टिव सीजन में बालों को खास लुक देने के लिए ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। फ्रंट ब्रेड हेयर स्टाइल में बालों को फ्रंट से सेट करना चाहती हैं 4 से 6 ब्रेड बनाकर आप इसे बोक पिंस की मदद से कर सकती हैं। इस तरह के हेयर स्टाइल के साथ आप छोटे-छोटे बीड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं और हेयर एक्सेसरीज की मदद से अपने लुक को कम्प्लीट कर सकती हैं। अगर आपको फेस्टिव सीजन में ब्रेड में ट्विस्ट देना है तो इस तरह के आधे बालों में केवल फ्रेंच डिजाइन की ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। वहीं आगे आपके बाल कलर हुए हैं तो इसकी लुक और भी ज्यादा खिलकर लेयर बाई लेयर निकलकर सामने नजर आएगी। सबसे आसान लेकिन देखने में थोड़ी सी मुश्किल जरूर नजर आती है यह वॉटर फॉल स्टाइल ब्रेड। वहीं बालों को आकर्षक लुक देने के लिए इसमें आप कलरफुल श्रेड्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

सर्दियों में प्लीटेड स्कर्ट को आसान तरीकों से करें स्टाइल



सर्दियों के मौसम में किसी भी आउटफिट्स को स्टाइल करना काफी मुश्किल होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमें समझ नहीं आता की उसके साथ ऐसा क्या गर्म कपड़े को स्टाइल करें, ताकि आप स्टाइलिश भी लगे और सबसे अलग भी नजर आए। जब बात आती है प्लीटेड स्कर्ट को वियर करने की तो इसके लिए आप इस आर्टिकल में बताए गए टिप्स को ध्यान में रख सकती हैं। इससे आपका लुक भी परफेक्ट लगेगा। साथ ही आपको कुछ नया ट्राई करने का मौका मिलेगा।

लॉन्ग कोट के साथ करें स्टाइलः स्कर्ट पहनने के बारे में सोच रही हैं तो अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप लॉन्ग कोट के साथ इसे वियर कर सकती हैं। इसमें आपको ड्रेस के कॉन्ट्रास्ट में अपने लिए कोट लेना होगा। जिसे आप इसके साथ स्टाइल कर सके। इसके बाद आप चाहें तो बेल्ट को एड कर सकती हैं, ताकि कोट के साथ लुक में थोड़ा ग्रेस आ सके। लॉन्ग कोट आपको मार्केट में काफी सारे मिल जाएंगे जिन्हें आप 500 से 1000 रुपये में खरीद सकती हैं।

हाईनेक के साथ करें स्टाइलः अगर आपको स्कर्ट के साथ कुछ कोट या स्वेटर वियर नहीं करना है तो आप स्कर्ट के साथ हाईनेक (शहनाज गिल के साड़ी लुक्स) को पेयर कर सकती हैं। आजकल काफी फैंसी डिजाइंस की हाई नेक मिल जाती है, जो पहनने में भी अच्छी लगती हैं और लुक को क्लासी बनाती हैं। इसके साथ पहनकर आप स्कर्ट ऑफिस भी जा सकती हैं। मार्केट में ये हाईनेक आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएगी।

बूट्स करें वियरः स्कर्ट में कम्फर्टेबल रहने के लिए आपको फुटवियर भी वियर करने पड़ेंगे। ऐसे में आप लॉन्ग बूट्स को स्टाइल (विंटर आउटफिट टिप्स) कर सकती हैं। यह काफी स्टाइलिश लगते हैं। आजकल के फैशन ट्रेंड में भी काफी चल रहे हैं। इसमें आपको ब्लैक, ब्राउन, लाइट ग्रे यहां तक की व्हाइट कलर भी मिल जाएंगे। जिसे आप स्कर्ट के कलर से मैच करके पहन सकती हैं। इन टिप्स की मदद से आप प्लीटेड स्कर्ट को स्टाइल कर सकती हैं और लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।

स्किन केयर में होने वाली इन गलतियों से खो सकता है आपकी त्वचा का निखार

सर्दी का मौसम चल रहा है, ऐसे में त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर इस मौसम में स्किन का सही से ध्यान ना रखा जाए तो त्वचा में कई तरह की परेशानियां सामने आने लगती हैं। ऐसे में चेहरे का ध्यान रखने के लिए ज्यादातर लोग घर पर ही स्किन केयर करते हैं। घर पर स्किन केयर करना वैसे तो काफी आसान है, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि जब हम घर पर स्किन केयर करते हैं, तो कुछ ऐसी गलतियां होती हैं, जो हम कर देते हैं, क्योंकि इनके बारे में हमें पता नहीं होता है। इन गलतियों की वजह से स्किन केयर का हमारी त्वचा पर काफी गलत असर भी पड़ने लगता है।

सनस्क्रीन ना लगाना

अक्सर लोग ऐसा सोचते हैं, कि सर्दी के मौसम में सनस्क्रीन का इस्तेमाल क्यों ही करना? लेकिन क्या आप जानते हैं, कि गर्मी की तरह ही सर्दी के मौसम में भी सनस्क्रीन जरूर इस्तेमाल करनी चाहिए। सर्दी में निकलने वाली धूप में भी कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाते है।

सही स्किन टाइप का ना जानना

सही स्किन केयर रूटीन बनाने के लिए अपने स्किन टाइप को न जानना एक मिस्टेक हो सकता है। अलग-अलग स्किन टाइप्स के लिए विभिन्न प्रोडक्ट्स होते हैं, और यदि आप अपनी स्किन को अच्छे से समझते नहीं हैं, तो आप गलत प्रोडक्ट्स का उपयोग कर सकते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

स्किन केयर रूटीन की अधिकता

सर्दी के मौसम में ज्यादा प्रोडक्ट्स का उपयोग करना भी एक मिस्टेक हो सकता है। अगर आप बहुत सारे प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं, तो ये भी त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

स्किन केयर रूटीन परिवर्तन ना करना

समय के साथ स्किन चेंज हो सकती है।

नई बहू के पैरों में खूब जचेंगे बिछिया के ये डिजाइंस

दुल्हन के श्रृंगार में सिर से लेकर पांव तक ढेरों गहने लग जाते हैं। अधिकांश लोगों का ध्यान केवल उन गहनों पर जाता है जो आसानी दिख जाते हैं, मगर पैरों में पहने जाने वाली बिछिया का भी बहुत महत्व है। महत्व के साथ-साथ अब यह फैशन का भी हिस्सा बन चुकी है। इसलिए बाजार में आपको एक से बढ़कर एक बिछिया की डिजाइंस नजर जा जाएंगी।

मल्टी कलर स्टोन बिछिया डिजाइन : आजकल बाजार में जंक ज्वेलरी की ढेरों डिजाइंस और पैटर्न दिख जाएंगे, प्योर सिल्वर में भी आपको जंक स्टाइल ज्वेलरी देखने को मिल जाएगी। जंक ज्वेलरी में आपको टो रिंग भी मिल जाएगी। इस तरह की टो रिंग में आपको मल्टी कलर स्टोन वर्क मिल जाएगा, जो दिखने में बहुत ही खूबसूरत लगता है।



वेस्टर्न स्टाइल टो-रिंग डिजाइन : आपको सुनकर शायद अजीब लग रहा होगा मगर अब वेस्टर्न लुक एंड फील वाली टो-रिंग भी बाजार में आ रही हैं। इसमें आपको इंग्लिश डिजाइंस देखने को मिलेंगी। यह ट्रेडिशनल बिछिया से बहुत ही अलग नजर आती हैं और बहुत ज्यादा लाइट वेट होती हैं। बहुत सारी महिलाओं को बिछिया पहनने में हिचकिचाहट होती है क्योंकि जूते के अंदर जब वह बिछिया पहनती हैं, तो वह उन्हें चुभती हैं और असहज महसूस कराती हैं।

अनकट डायमंड टो-रिंग डिजाइनः अनकट डयमंड ज्वेलरी काफी समय से ट्रेंड में है। पहले तो केवल नेकलेस सेट में ही इस तरह की डिजाइंस देखने को मिलती थीं, मगर अब आपको टो-रिंग में भी अनकट डायमंड लुक मिल जाएगा। इतना ही नहीं, आपको इसमें कलरफुल अनकट डायमंड वाली टो-रिंग भी मिल जाएगी। आप इसे किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं।

इसमें आपको हैवी और लाइट दोनों तरह की डिजाइंस मिल जाएंगी। आप 2 फिंगर टो-रिंग सेट भी कैरी कर सकती हैं। इसके लिए आप एक फिंगर में हैवी और एक में लाइट वेट और डिजाइन की बिछिया पहनें।

कार्नर न्यूज

अभिनेताओं के लेटेस्ट फैशन से ले सकते हैं प्रेरणा, खूब जमेगी ड्रेस

राष्ट्रीय पर्व पर पहनें पारंपरिक परिधान, गर्व की अनुभूति और स्टाइलिश दिखेगा लुक

गणतंत्र दिवस का दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास है। ये दिन देशभर में 26 जनवरी को बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन सन 1950 में भारत संघ का संविधान लागू हुआ था, जिससे भारत गणराज्य बन गया। इस दिन को लोग ऊर्जा और जोश के साथ मनाते हैं। गणतंत्र दिवस के दिन तमाम स्कूलों और दफ्तरों में झंडा फहराया जाता है। इस दिन को मनाने के लिए लोग तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। जगह-जगह पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। अगर आप भी इस दिन खास तरह से तैयार होना चाहते हैं, तो हम आपको इसके कुछ विकल्प बताने जा रहे हैं।

फिल्म जगत में कई ऐसे अभिनेता हैं, जिनके पास एथनिक का काफी शानदार कलेक्शन है। ऐसे में आप इन्हीं अभिनेताओं से टिप्स लेकर गणतंत्र दिवस के दिन तैयार हो सकते हैं। इन अभिनेताओं की लिस्ट में कार्तिक आर्यन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन शामिल हैं।

वरुण धवनः इस तरह का प्लेन सफेद कुर्ता और पायजामा आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा। इस लुक के साथ जब आप तिरंगा पकड़ेंगे तो आपका अंदाज काफी क्लासी दिखेगा।

वरुण धवन का दूसरा लुकः आप चाहें तो इस तरह का धोती कुर्ता गणतंत्र दिवस के दिन कैरी कर सकते हैं। ऐसा धोती-कुर्ता आपको स्टाइलिश दिखने में भी मदद करेगा।

सिद्धार्थ मल्होत्राऋः अपने लुक्स की वजह से पहचाने जाने वाले सिद्धार्थ मल्होत्रा का हर लुक कमाल का होता है। खासतौर पर अगर बात करें उनके एथनिक लुक्स की तो आप इससे टिप्स लेकर तैयार हो सकते हैं। उनका ये वर्क वाला कुर्ता गणतंत्र दिवस के दिन के लिए एक परफेक्ट विकल्प है।

सिद्धार्थ मल्होत्रा का दूसरा लुकः इस तरह का पिंक रंग का कुर्ता आपको अलग दिखने में मदद करेगा। इसे आप व्हाइट रंग के पायजामे के साथ पहन सकते हैं। इसके साथ पैरों में कोल्हापुरी चप्पल ही पहनें।

कार्तिक आर्यनः अगर आप कार्तिक के इस लुक से टिप्स लेंगे तो आपका लुक काफी रॉयल लगेगा। इसके लिए आप हैवी वर्क वाला ऐसा कुर्ता कैरी कर सकते हैं। आपको बाजार में आसानी से चिकनकारी वर्क वाला कुर्ता मिल जाएगा।

कार्तिक आर्यन का दूसरा लुकःअगर आप कुछ ऐसा पहनने का सोच रहे हैं, जो सिंपल और सोबर दिखे तो आप कार्तिक के इस लुक से टिप्स ले सकते हैं। गणतंत्र दिवस के दिन पील रंग का कुर्ता देखने में कमाल का लगता है।